अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605

दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 253 लखनऊ, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

जनपद स्तरीय रैली का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

हरदोई। बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा गुणवत्ता परक शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर हरदोई मे जनपद स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने स्कूल चलो अभियान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु रैली को हरी झंडी दिखाकर, समाज मे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

इसी क्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है आइए हम सभी मिलकर यह संकल्प लें किए हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में अपना योगदान करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक रमेन्द्र कुमार सिंह व् जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० अजित सिंह सहित शिक्षा परिवार व् होनहार विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह का हुआ भव्य आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

कछौना (हरदोई)। विकास खण्ड के अंतर्गत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उच्च प्राथमिक विद्यालय बर्राघूमन में वार्षिकोत्सव परीक्षाफल वितरण एवं विद्यालय की अंतिम कक्षा उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

सोमवार को सत्र समापन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान ओम प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रत्येक कक्षा के टॉप-3 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सत्र के सर्वाधिक उपस्थित छात्र, आज्ञाकारी छात्र और अनुशासित विद्यार्थी को भी मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय ने खेल जगत में जनपद स्तर तक नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों, राष्ट्रीय विज्ञान क्विज के विजेताओं और राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृति परीक्षा में चयनित तीनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने अपनी रसोईया टीम को भी वस्त्र भेंट कर उनके योगदान को सराहा। समारोह के अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां बांटी और कक्षा आठ के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शकील अहमद, प्रधानाचार्य नारन्त कुमार, सहायक अध्यापक अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

संचारी रोगों के खिलाफ स्वास्थ्य केंद्र की विशेष तैयारी, अधीक्षक ने झंडी दिखाकर किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। संचारी रोगों पर प्रभावी वार करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना से बुधवार को एक सशक्त अभियान का आगाज हुआ। अधीक्षक डॉ० शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया जो क्षेत्र के लोगों को बीमारियों के प्रति सचेत करेगी। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। अभियान का मुख्य आकर्षण 10 अप्रैल से शुरू होने वाला 'दस्तक' कार्यक्रम होगा। इसके अंतर्गत आशा कार्यकत्री घर घर जाकर न केवल दस्तक देंगी बल्कि प्रत्येक परिवार को संचारी रोगों (जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार) से बचाव के व्यावहारिक तरीके भी सिखाएंगी। डॉ० शुक्ला ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य हर घर को जागरूक बनाना है ताकि सफाई और सावधानी से बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सके।

श्रीमदभागवत कथा श्रवण से होता है पापों का नाशः कथा व्यास

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। टोडर पुर विकासखंड के ग्राम उमरौली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवनीश अग्निहोत्री द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य श्री मौलीकृष्ण जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से कथा के द्वितीय दिवस पर माता देवहुति के उदर से भगवान कपिल के प्राकट्य की कथा का अत्यंत मार्मिक और सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब संसार में अधर्म और अज्ञानता बढ़ती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करते हैं। सांख्य शास्त्र के प्रणेता भगवान कपिल का अवतार ज्ञान के प्रसार के लिए हुआ था। आचार्य मौलीकृष्ण ने मनु-सतरूपा और कर्दम-देवहुति के प्रसंगों की व्याख्या करते हुए कपिल.देवहुति संवाद पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसार की मोह.माया से मुक्ति का एकमात्र मार्ग भक्ति और वैराग्य है। यदि मनुष्य अपने इंद्रियों को संयमित कर भगवान के चरणों में ध्यान लगाए, तो उसे इसी जन्म में मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कथा के बीच-बीच में आचार्य जी ने अपनी सुरीली आवाज में राधा रानी के भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दीए जिससे पूरा पंडाल भक्ति के सागर में डूब गया। ष्राधे.राधेष् के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर आयोजक समेत उमरौली गाँव व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

सेवानिवृत अध्यापको को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी

माधौगंज (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। सेवानिवृत अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार एवं बिलग्राम खंड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार ने इस

स्मृति चिन्ह भेट कर विदाई दी। ब्लॉक में संचालित परिषदीय विद्यालयों में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरवा के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह तथा उच्च प्राथमिक देवी पुरवा के सहायक अध्यापक नीरज अवस्थी, उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरहा के सहायक अध्यापक राजेश कुमार तथा प्राथमिक विद्यालय पिपरावा की सहायक अध्यापिका उषा देवी सोमवार को सेवानिवृत हुई। बीईओ संतोष कुमार ने सभी को शुभकामना देते हुए विदाई दी। विद्यालयों के साथी अध्यापकों द्वारा भावभीनी विदाई दी और अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मनोज प्रताप सिंह, यशपाल सिंह, राजीव कुमार, विनीत कुमार, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नियम ताक पर, निजी खाते में भुगतान लेकर प्रधान बने सिकंदर

शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। विकास निधि के उपयोग में नियमों को दरकिनार कर निजी खातों में भुगतान लेने के आरोपों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। ग्राम पंचायतों

में सामने आ रहे मामलों में जहां प्रधानों पर विकास निधि का पैसा अपने खातों में लेने के आरोप लग रहे हैंए वहीं संबंधित अधिकारी मसट्टी मारे बैठे नजर आ रहे हैं। कार्रवाई न होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।विकास खण्ड शाहाबाद की ग्राम पंचायत नरसियामऊ में भी इसी तरह का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान कश्मीर सिंह द्वारा लेबरए मिस्त्री तथा अन्य मदों के नाम पर भुगतान अपने निजी खाते में लिया गया। मामला उजागर होने के बावजूद अब तक जांच या कार्रवाई न होने से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

■ ग्राम पंचायत नरसियामऊ प्रधान के खाते में लाखों रुपया भेजा गया

केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित एक सरकारी बेबसाइट पर उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-6 में वाउचर संख्या 5THSFC/2025-26/P/31 दिनांक 16 जनवरी 2025 के माध्यम से गौशाला के लिए तिरपाल खरीद के नाम पर 8,000 रुपये तथा वाउचर संख्या 5THSFC/2025-26/P/42 के माध्यम से कंप्यूटर मरम्मत के नाम पर 10,500 रुपये भुगतान किए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौशाला लेवलिंग के नाम पर 9,500 रुपये तथा आकस्मिक व्यय के नाम पर 10,000 रुपये निकाले गए। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में गौशाला में खाई खुदाई के नाम पर विभिन्न वाउचर के माध्यम से कुल 1,82,100 रुपये प्रधान के निजी खाते में भुगतान किए गए। इसके अलावा खाई खुदाई के नाम पर राशिद को भी दो वाउचर के माध्यम से 97,100 रुपये का भुगतान दिखाया गया है। सवाल उठ रहा है कि जब खुदाई जेसीबी मशीन से कराई गई थी, तो अतिरिक्त खुदाई दर्शाकर भुगतान किस आधार पर किया गया। इसके अतिरिक्त शौचालय निर्माण मजदूरी तथा प्राथमिक विद्यालय जमलापुर में टायलीकरण कार्य के नाम पर भी विभिन्न तिथियों में हजारों रुपये प्रधान के खाते में भुगतान किए जाने का आरोप है। आरोप है कि अन्य मदों में भी इसी प्रकार भुगतान लेकर नियमों की अनदेखी की गई और वित्तीय प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ाई गईं। खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद दिनेश शर्मा ने बताया कि शासनादेश के अनुसार कोई भी ग्राम प्रधान लेबर, मिस्त्री या अन्य मदों का भुगतान अपने निजी खाते में नहीं ले सकता। इसी तरह जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार ने भी स्पष्ट किया कि प्रधान केवल अपने मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य मद का पैसा निजी खाते में प्राप्त नहीं कर सकता। इसके बावजूद ऐसे मामलों में कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

आस्था पर प्रहारः अराजक तत्वों ने खंडित की शनिदेव की प्रतिमा

कछौना (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस समय तनाव का माहौल बन गया जब लोगों ने सुबह उठकर गांव के मंदिर में शनि देव की मूर्ति को खंडित देखा! यह खबर पूरे गांव व क्षेत्र में आग की तरह फैल गई! देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई!

अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई प्रतिमा

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बेरुआ गांव में उस समय माहौल गरमा गया जब बुधवार की सुबह गांव के श्रद्धालु ब्रम्हबाबा मंदिर के निकट पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित शनिदेव के स्थान पर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे तो वहां शनि देव की प्रतिमा के दाहिने हाथ को टूटा पड़ा पाया! जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 को दी और मामले की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई! खबर मिलते ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई! सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरीके से मामले को शांत कराया! वही ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की अराजक तत्वों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही हैं! अभी पिछले दिनों हनुमान जी की प्रतिमा को भी इसी तरह तोड़ा गया था लेकिन पुलिस ने उसे बंदरों द्वारा क्षतिग्रस्त बताकर सही करा दिया था! लेकिन बार.बार इस तरीके की हो रही घटनाओं से सामाजिक सौहार्द के लिए चिंता का विषय है! जिससे कि किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता! घटना के संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय पुलिस द्वारा घटना का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है! संबंधित प्रकरण में जांच जारी है दोषियों के खिलाफकठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी!

गैस एजेंसी पर गैस न मिलने से महिलाओ ने बिल्हौर कटरा मार्ग जाम किया

माधौगंज (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। गैस एजेंसी पर गैस न मिलने के कारण महिलाओं ने बिल्हौर कटरा मार्ग पर खाली सिलेंडर रखकर सड़क जाम कर दियाण् लगभग 15 मिनट मार्ग जाम रहा मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा कर मार्ग को खाली कराया। ब्लॉक मुख्यालय के निकट रुदामऊ में इंडेन गैस एजेंसी है जहां बुधवार को महिलाएं गैस लेने पहुंची तो

गैस एजेंसी बंद थी जिससे आंक्रोषित होकर गीता पूजा निवासी शेखनपुर, गुड़िया निवासी के क्योंटी ख्वाजागीपुर, सुषमा माधवगंज, ममता निवासी अटवा कुरसठ, चंद्रानी आदि दर्जनों महिलाओं ने खाली सिलेंडर रख करके सड़क पर बैठ गई। मार्ग जाम होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझा कर मार्ग खाली कराया गैस एजेंसी के कर्मचारी अमित गुप्ता ने बताया की सर्वर डाउन होने के कारण एजेंसी पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा था जिसकी सूचना एजेंसी के सूचना पट पर चस्पा की गई थीण् इस कारण कार्यालय बंद थाण् मार्ग जाम होने के चलते उन्नाव डिपो की रोडवेज बस ब्लॉक गेट के सामने कच्चे मार्ग पर निकलने का प्रयास किया लेकिन मार्ग में ताजी मिट्टी पड़ी होने के कारण बस के पहिए जमीन में धंस गई, जिससे वह एक तरफझुक गई। बस में सवार लगभग 12 सवारी बाल बाल बच गए।

तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी

हरपालपुर (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। उन्नाव-कटरा हाईवे पर सतौथा गांव के पास मंगलवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में भदार निवासी ओम शरण (25) और राहुल (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ से राहुल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन होः त्रिपुरेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

शाहाबाद (हरदोई)। एक अप्रैल को विकास खंड के प्राथमिक विद्यालयए मुरीदापुर में नवीन शैक्षिक सत्र (2026-27) के शुभारंभ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा द्वारा की गई।

इस अवसर पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव, छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण, नवीन पुस्तक वितरण तथा स्कूल चलो अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने अपने कर-कमलों से बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर श्अभिभावक जागरूकता रैलीश् निकाली गई। सभी ने पूरे उत्साह के साथ इस रैली में प्रतिभाग किया और बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लालाराम राजपूत जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी, शाहाबाद देवेन्द्र, रणवीर राजपूत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावकगण और बच्चे उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार किया, बल्कि समाज में सब पढ़ें, सब बढ़ें का एक बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी प्रवाहित किया।

श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन बच्चों का स्कूल में तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा करके और मिठाइयां खिलाकर स्वागत किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं, स्कूल के नियमों और गतिविधियों, शिक्षा के महत्व के बारे में बताया ।

विद्यालय के प्रबन्धक मुकेश सिंह ने बच्चों को बताया कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है, जो हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है नियमित पढ़ाई और अभ्यास से ही हम शिक्षा में सफल हो सकते हैं स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत निर्माण की प्रथम पाठशाला है। बच्चों का स्वागत करने के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या भूमिका सिंह, लक्ष्मी देवी शिक्षिकाएं कविता गुप्ता, कोमल यादव, विनीता त्रिवेदी, मीनाक्षी सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी, मनसा बाजपेई, सोनी शुक्ला, सोनम शुक्ला, आरती वर्मा, पूजा चौहान, ऐश्वर्या सिंह, पूजा चंदेल, लवी मिश्रा, अपर्णा श्रीवास्तव, शिक्षक राम प्रकाश पाण्डेय, अभिनव सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, आयुष यादव, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

विश्व हिन्दू परिषद हरदोई द्वारा मनाया गया रामोत्सव कार्यक्रम

हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का रामोत्सव कार्यक्रम विहिप हरदोई द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप रहे। उन्होंने कहा हिंदू केवल एक धर्म नहीं है बल्कि भारत की रक्षा, भारत की अखंडता, भारत के संस्कार, सेवा भाव रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है । राम केवल हिंदू के भगवान नहीं है अपितु पूरी दुनिया के सामने वह ज्ञान है जिसे अपने जीवन में ग्रहण कर हर व्यक्ति राम बन सकता है। पिता की आज्ञा, माता का स्नेह, भाई की रक्षा यह सब ही मर्यादा और महानता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि अवध प्रांत सह मंत्री प्रवीण ने कहा चिकित्सक समाज के बहुत सम्मानित और जिम्मेदार व्यक्ति होते हैं जिनका उद्देश्य मानवता की सेवा करना होता है। विश्व हिंदू परिषद आप सभी का आपकी सेवा भाव हेतु आभार व्यक्त करता है। परिसर के छात्रो को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष ने बताया की चिकित्सक का दायित्व ही सेवा है जिसे वह अपने जीवन पूर्ण होने तक निरंतर करता है। चिकित्सक धरती पर भगवान का रूप होते हैं जो निस्वार्थ सेवा से मरीजों को नया जीवन देते हैं। देश के कई क्षेत्रों से आये मेडिकल के छात्रो से संवाद करते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई जिसमे प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले

■ हिंदू केवल धर्म नहीं देश उत्थान की विचारधारा वाला प्रत्येक व्यक्ति है हिंदूः विजय प्रताप

विद्यार्थियों को विहिप जिलाध्यक्ष आशीष महेश्वरी ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ० रंजन गोगोई एवं उप प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र ने की एवं मंच संचालन जिला मंत्री गौरव ने किया साथ ही संयोजक की भूमिका डॉ० प्रणव ने निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विशेष संपर्क प्रमुख नागेंद्र, जिला प्रचार प्रमुख अक्षतानन्द (मनु), जिला सेवा प्रमुख सर्वदमन सहित कई मेडिकल छात्र उपस्थित रहे।

अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल चोरी किया

हरपालपुर (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)। क्षेत्र के नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसार में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चौकीदार जनपद गोंडा के थाना वभनान वभनगांव के गांव निवासी अस्लम खां ने बताया कि 31 मार्च की रात करीब 11 बजे उन्हें परिसर में कुछ खटपट सुनाई दी। अस्लम खां जब तक ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे, चोर वहां सेफरार हो चुके थे। निरीक्षण करने पर पाया गया कि चोरों ने ट्रांसफार्मर को खोलकर उसका कीमती तेल निकाल लिया है। पीड़ित चौकीदार की तहरीर पर थाना अरवल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै दिव्यांशी पाण्डेय उर्फ प्रान्शी देवी पुत्री श्री सुधीर कुमार पाण्डेय, पताः-ग्राम लालपुर मजरा लालपालपुर ब्लाक सुरसा थाना कोतवाली शहर, तहसील व जिला-हरदोई की निवासिनी हूँ। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा पॉलिसी संख्या-222713497 में मेरा नाम प्रान्शी देवी पुत्री सुधीर कुमार गलत अंकित हो गया है जबकि पालिसी धारक का सही नाम दिव्यांशी पाण्डेय पुत्री सुधीर कुमार पाण्डेय है। जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक व मार्कशीट में सही नाम दिव्यांशी पाण्डेय अंकित है। बीमा पॉलिसी में मेरा नाम सही अंकित करना आवश्यक है।

कार्यालय ग्राम पंचायत-चाँदा महमदपुर, विकास खण्ड-हरपालपुर, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/कोटेशन/मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/2025-26 दिनाँक-01.04.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-02.04.2026 से दिनाँक-05.04.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक-05.04.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री	स्वीकृत धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	सामग्री आपूर्ति की अवधि
1.	रामवीर के मकान से रामप्रकाश के मकान तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू, इण्टरलॉकिंग ईंट आदि	263715.70 रु	100 रु	07 दिन
2.	पंचायत घर से राम प्रकाश के घर तक इण्टरलॉकिंग और नाली कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू, इण्टरलॉकिंग ईंट आदि	342462.00 रु	100 रु	07 दिन
3.	चंदन लाल के घर से मदनपाल के घर तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू, इण्टरलॉकिंग ईंट आदि	139633.71 रु	100 रु	07 दिन

नोट . नियम व शर्तों निम्नवत हैं

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत-चाँदा महमदपुर,
विकास खण्ड-हरपालपुर, हरदोई

सचिव
ग्राम पंचायत-चाँदा महमदपुर,
विकास खण्ड-हरपालपुर, हरदोई

कार्यालय ग्राम पंचायत-उमरौली जैतपुर, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/2025-26 दिनाँक-01.04.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-02.04.2026 से दिनाँक-05.04.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक-05.04.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री	निविदा प्रपत्र मूल्य	सामग्री आपूर्ति की अवधि
1.	मेन खड़ण्जा से सोहन के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, इण्टरलाकिंग ईंट आदि	100 रु	07 दिन
2.	मेन खड़ण्जा से रोहित सिंह के मकान तक एक तरफ नाली एवं इण्टरलॉकिंग कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू इण्टरलाकिंग ईंट आदि	100 रु	07 दिन
3.	प्रा0 स्कूल गेट से विनोद के मकान तक एक तरफ नाली एवं इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू इण्टरलाकिंग ईंट आदि	100 रु	07 दिन
4.	मेन खड़ण्जा से सुधीर के मकान तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग कार्य।	ईंट, सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, बालू इण्टरलाकिंग ईंट आदि	100 रु	07 दिन

नोट . नियम व शर्तों निम्नवत हैं

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(ऊषा देवी)
प्रधान
ग्राम पंचायत-उमरौली जैतपुर,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

(राजेश कुमार मिश्रा)
सचिव
ग्राम पंचायत-उमरौली जैतपुर,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605

दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 253 लखनऊ, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

संक्षिप्त

वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर दिल्ली में 195 रुपये महंगा

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के बीच तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 07 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गयी थी। इस प्रकार अब यह 195.50 रुपये यानी 10.38 प्रतिशत महंगा हो गया है। इस साल एक जनवरी से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में यह पांचवीं बढ़ोतरी है। इस दौरान दिल्ली में यह 498 रुपये महंगा हो चुका है।घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

असम की वर्तमान सरकार महिलाओं की प्रगति नहीं चाहती : प्रियंका गांधी

डिब्रूगढ़ (असम)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को असम की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि राज्य की सरकार महिलाओं को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं भी जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं हैं। नाजीरा के मेकिपुर पूजा मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'अरुणोदय' जैसी योजनाएं वास्तव में महिलाओं को कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचा पाई हैं। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं के बावजूद राज्य की महिलाएं अब भी कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ें सभी किसान : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने दिए फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाने का निर्देश

- एकीकृत डिजिटल प्रणाली से मिलेगा योजनाओं का लाभ : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर कृषि विभाग की बैठक में कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए। इसके माध्यम से लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग भी अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा और एक ही लाभार्थी को बार-बार लाभ मिलने की स्थिति की समीक्षा भी सहज रूप से की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए समयसीमा के भीतर पूर्ण करें और इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। इस बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव एसपी गोयल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ उत्तर प्रदेश: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने ह्लराजनीतिक कचराङ्क हटाकर बदलाव की जो नींव रखी, उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, अव्यवस्था और गंदगी का माहौल था। तत्कालीन सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उस समय सत्ता में बैठे लोगों को रोशनी नहीं, बल्कि अंधेरा पसंद था। उनकी सरकार ने अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर पूरे प्रदेश में एलईडी स्ट्रीट लाइट्स के जरिए आधुनिक और सुरक्षित वातावरण तैयार किया। पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष 3 शहरों में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि अब राज्य 'नेट जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा और हरित विकास को बढ़ावा मिलेगा।

संसद से इन्सॉल्वेंसी और बैंक क्रप्सी कोड (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने बुधवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2026 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। इस विधेयक को पहले ही लोकसभा ने 30 मार्च को मंजूरी दी थी। इस संशोधन का उद्देश्य दिवालियापन प्रक्रियाओं को तेज़ करना, मामलों के बैकलॉग को कम करना और भारत के वित्तीय तंत्र को मजबूत करना है।

राज्यसभा में चर्चा के दौरान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आईबीसी ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर की सेहत में सुधार किया है और संपत्तियों की वसूली में मदद की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चयन समिति की सभी 11 सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार की गई हैं, साथ ही कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की एक अतिरिक्त सिफारिश भी जोड़ी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि इन्सॉल्वेंसी और बैंकक्रप्सी कोड विधेयक का उद्देश्य कंपनियों को बंद करना या उन्हें लिक्विडेट करना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून कंपनियों के सामने मौजूद वित्तीय दबाव और तनाव को दूर करने के लिए लाया गया है।

मंत्री ने बताया कि इसका मकसद यह है कि जो कंपनियां अस्थिर स्थिति में हैं, उन्हें आवश्यक समाधान और प्रक्रिया प्रदान की जाए, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें और फिर से उस स्तर पर पहुंचें जिस पर वे पहले सुचारू रूप से संचालित हो रही थीं।

महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुए पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

हरिद्वार। मिश्री मठ के तृतीय मठाधिपति पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर महादेव जी का श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन (निर्वाण), कनखल, हरिद्वार में भव्य महामंडलेश्वर पट्टाभिषेक समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन सनातन धर्म की रक्षा और उदासीन संप्रदाय की परंपराओं के संवर्धन के संकल्प के साथ वैदिक रीति-रिवाजों, मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुआ।

समारोह की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें गाजे-बाजे के साथ संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद अखाड़े के वरिष्ठ संतों द्वारा वेदोक्त विधि से पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव जी का तिलक कर उन्हें महामंडलेश्वर पद पर विधिवत आसीन किया गया और पट्टा प्रदान किया गया। उदासीन संप्रदाय की परंपरा के अनुसार चादर ओढ़ाकर उन्हें इस उच्च पद की गरिमा से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष हवन-पूजन भी संपन्न हुआ, जिसमें साधना, आध्यात्मिक ऊर्जा और लोककल्याण की कामना की गई।

इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के प्रमुख साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने पूर्ण गुरुजी को महामंडलेश्वर की उपाधि प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दीं। समारोह के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पट्टाभिषेक के साथ ही पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव जी अब नया उदासीन अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और आध्यात्मिक मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

डॉ. उदय प्रताप सिंह को संगम साहित्य सम्मान-2026 से नवाजा गया

- पैगाम-ए-अमन समारोह में कवि सम्मेलन व मुशायरा, साहित्यकारों ने बांधा समां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्यारे मियां स्मारक समाज सेवा संस्थान प्रयागराज की ओर से गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में रविवार शाम पैगाम-ए-अमन समारोह के तहत भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदय प्रताप सिंह को उनकी आजीवन साहित्यिक और सामाजिक सेवाओं के लिए संगम साहित्य सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्यकार समाज का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है।

वह जनता की आवाज बनकर सच को बेबाकी से सामने लाने का कार्य करता है। कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ. श्लेष गौतम ने किया, जबकि अध्यक्षता शायर चरन सिंह बशर ने की। इस दौरान डॉ. सुरेश अवस्थी और डॉ. सर्वेश अस्थाना सहित अन्य कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक तारिक सईद अज्जू ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे और देर रात तक काव्य रस की धारा बहती रही।

ईरान युद्ध के बीच स्टार्मर ने बुलाई 35 देशों की बैठक

लंदन। पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात, होर्मुज़ जलडमरूमध्य में बाधित नौवहन और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ते दबाव के बीच ब्रिटेन ने बहुपक्षीय कूटनीतिक पहल तेज करते हुए 35 देशों की बैठक बुलाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने स्पष्ट किया है कि ईरान में चल रही अमेरिका-इजरायल ही सैन्य कार्रवाई ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और देश इसमें शामिल नहीं होगा। उन्होंने क्षेत्र में शांति, समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति शृंखलाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। श्री स्टार्मर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है और इसके वैश्विक प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं।

रेलवे ने इस साल 1670 मिलियन टन माल ढुलाई का बनाया रिकॉर्ड : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेल ने वर्ष 2025-26 के दौरान माल ढुलाई में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 1670 मिलियन टन (एमटी) कार्गो का परिवहन किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 3.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली में रेल की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में रेलवे के विकास के लिए रिकॉर्ड बजट आवंटन किया है, उसका लाभ भी बहुत मिला है। जैसा कि रेलवे गरीबों और मध्यम वर्ग की सवारी है। पिछले एक दशक में जो निवेश हुआ है उसका लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति और मध्यम वर्ग परिवारों को हुआ है। उन्होंने कहा कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारतीय रेलवे ने 76,352 विशेष ट्रेनें चलाईं हैं। वर्तमान में रेलवे नेटवर्क पर प्रतिदिन लगभग 25,000 ट्रेनें चलती हैं। रेलवे ने इस वर्ष के दौरान 1,670 मिलियन मीट्रिक टन माल परिवहन का रिकॉर्ड हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि रेलवे के 50 साल के इतिहास में इस वर्ष सबसे कम संख्या में गंभीर दुर्घटनाएं दर्ज की गईं।

किडनी रैकेट की जांच की आंच अन्य जिलों तक पहुंची

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- अन्य कई डॉक्टरों की तलाश में पुलिस

कानपुर। महानगर में अंतरराष्ट्रीय किडनी तस्करी के मामले की जांच में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं और कई अन्य डॉक्टरों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। रावतपुर और कल्याणपुर क्षेत्र स्थित प्राइवेट अस्पताल से जुड़े इस पूरे प्रकरण में अब अन्य जिलों के अस्पतालों की संभावित संलिप्तता की भी जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में मिले नए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने बुधवार को बताया कि अब तक इस मामले में छह आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन जांच के दौरान कुछ अन्य डॉक्टरों और सहयोगियों के नाम भी सामने आए हैं। इनमें से कई आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क पहले से कहीं अधिक व्यापक हो सकता है, इसलिए अन्य जनपदों के अस्पतालों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रकरण में किडनी बेचने वाले दो व्यक्तियों से भी विस्तृत पूछताछ की गई है, जिससे कई नए तथ्य सामने आए हैं।

सुप्रीम कोर्ट का आदेश भारी पड़ेगा ममता पर

- ओबीसी आरक्षण पर बीती फरवरी में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला पश्चिम बंगाल की चुनावी राजनीति पर डाल सकता है असर
- कोर्ट ने पसमांदा मुसलमानों को पिछड़े वर्ग की श्रेणी में डालने और आरक्षण देने की मांग वाली याचिका कर दी है खारिज
- पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने कुछ मुसलमानों को ओबीसी की श्रेणी में रखकर पिछड़े वर्ग का दे रखा है लाभ

अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी, चुनाव आयोग और हुमायूं कबीर की मुस्लिम राजनीति से जूझ रहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के दिन लगता है, खराब चल रहे हैं। वे एसआईआर की अप्रिय प्रक्रिया से उबर ही नहीं पाई थीं कि उनके लिए सुप्रीम कोर्ट से भी बुरी खबर आ गई है। कोर्ट ने अपने एक फैसले में पसमांदा मुसलमानों को पिछड़े वर्ग की सूची में डालने से इनकार कर दिया है। और इस आधार पर ओबीसी आरक्षण की मांग वाली उनकी याचिका भी खारिज कर दी है। जबकि जानकारी यह है कि ममता बनर्जी ने मुस्लिमों की कई जातियों को पिछड़े वर्ग का लाभ दे रखा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उनके लिए परेशानी पैदा कर सकता है।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2026 में पसमांदा मुसलमानों को ओबीसी का दर्जा देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण धर्म की बजाय सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए। इसी तर्क के साथ कोर्ट ने पसमांदा मुसलमानों को ओबीसी में शामिल करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन होना चाहिए।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति अनुसूचित जाति से है और वह हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बनता है, तो उसे भी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में 1992 के इंदिरा साहनी मामले का हवाला देते हुए कहा कि आरक्षण 50 फीसदी से अधिक भी नहीं होना चाहिए। कोर्ट के ये फैसले मुख्य रूप से ये स्थापित करते हैं कि भारत में आरक्षण के लिए धर्म एक अनिवार्य मानदंड नहीं हो सकता है, और पिछड़ी जातियों का निर्धारण सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर किया जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल पर पड़ेगा इस फैसले का असर

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार ने मुसलमान को लुभाने के लिए उनकी कई जातियों को यानी पसमांदा मुस्लिमों को ओबीसी की कैटेगरी में रखा है और उन्हें उसका का लाभ देती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह हालिया फैसला ममता बनर्जी की इस राजनीति पर कुठाराघात करता है। ऐसे में इस चुनावी मौसम में अगर किसी व्यक्ति ने ममता बनर्जी के इस निर्णय को चैलेंज कर दिया तो ममता बनर्जी को ये फैसला भारी भी पड़ सकता है। फिर इस आरक्षण से वंचित हो जाने की आशंका में यह वर्ग ममता बनर्जी का साथ छोड़ भी सकता है। फिर इससे भाजपा की राजनीति सफल होगी। अब देखना यह है कि पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव होते-होते क्या मुसलमानों को पिछड़े वर्ग के आरक्षण देने का मुद्दा चुनावी चर्चा का विषय बनता है या नहीं।

धार्मिक स्वतंत्रता पर अमरीका का ढोंग

हाल ही में यू.एस. कमीशन ऑन इंटरनैशनल रिलीजियस फ्रीडम की एक रिपोर्ट आई, जिसमें बताया गया कि भारत में दिनों-दिन धार्मिक स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। यह भी कहा गया कि सरकारों द्वारा अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ावा दिया जाता है और सरकार एन.जी.ओज के पीछे पड़ी है। हालांकि सरकार ने सारे आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। यह भी कहा कि अमरीका पहले अपने गिरेबान में झांके, जहां मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों तथा दूसरे धर्मावलम्बियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। दरअसल दुनिया भर में काम करने वाले तमाम एन.जी.ओज ही ऐसी रिपोर्ट्स बनवाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इनमें से अधिकांश को विदेशों से धन प्राप्त होता है। इनका कोई न कोई आका ऐसी रिपोर्ट्स बनवाता है। बहुत से पश्चिमी देशों, खासकर अमरीका के बारे में कहा जाता है कि वे ऐसे व्यापारी हैं, जो बिना किसी लाभ के एक डालर खर्च नहीं करते। तो आखिर इन रिपोर्ट्स से अमरीका को क्या लाभ होता है? वह लाभ है, लोगों को तरह-तरह से भड़काना, अस्थिरता पैदा करना। यदि अमरीका के ऐसे करतबों के बारे में जानना हो तो जॉन पर्किंस की बेहद महत्वपूर्ण पुस्तक-'कन्फैशन ऑफ ऐन इकोनॉमिक हिटमैन' पढ़ी जा सकती है। पर्किंस खुद इकोनॉमिक हिटमैन रहे हैं। हिटमैन शब्द का इस्तेमाल अक्सर हत्यारों के लिए किया जाता है। ऐसे में इकोनॉमिक हिटमैन का मतलब हर तरह से देश की तबाही करना होता है। जॉन बताते हैं कि यह बनने के लिए कठोर परीक्षा से गुजरना पड़ता है। यदि आप पकड़े जाएं, तो कोई आपकी जिम्मेदारी नहीं लेता। अमरीका के लिए काम करने वाले इन लोगों का काम तीन चरणों में होता है। पहले ये लोगों के सांस्कृतिक और बहुलतावादी संस्कृति के अंतवरोधों का लाभ उठाकर, कभी भाषा, कभी धर्म, तो कभी पहनावे आदि को लेकर लोगों को भड़काते हैं। इसके लिए लोगों को बाकायदा आर्थिक मदद दी जाती है। उनकी खबरें अधिक से अधिक प्रसारित कराने के लिए मीडिया मैनेजमैंट किया जाता है और जो भी सरकारें होती हैं, चाहे राज्य सरकारें या केंद्र सरकार, उसके खिलाफ आंदोलन कराए जाते हैं, ताकि सरकारें टूट जाएं। यदि तब भी सफलता न मिले, तो ये और अधिक खतरनाक हो जाते हैं। इन्हें जॉन ने नाम दिया है- जैकाल्स। इनका काम देशों के नेताओं को मरवाने का होता है। किस-किस नेता को इस तरह से मारा गया, इसके उद्धरण पुस्तक में दिए गए हैं। मान लीजिए नेताओं के मरने के बाद भी किसी देश में अस्थिरता नहीं फैलती, तो फिर अंतिम आप्शन होता है, युद्ध का ऐलान, सेना की चढ़ाई। पिछले कुछ दशकों में अमरीका ने जिन-जिन देशों पर युद्ध थोपा है, उनमें इन तीनों बातों को देखा जा सकता है। ईरान में भी जब लोगों का आंदोलन हुआ, तो अमरीका ने सोचा कि वहां सरकार टूट जाएगी। नहीं टूटी तो फौरन चढ़ाई करके वहां के सुप्रीम लीडर और अन्य नेताओं को मार दिया। कहने का अर्थ यह कि जिन भी देशों पर अमरीका हमलावर हुआ, वहां के लोगों की धार्मिक आजादी तो छोडिए, जीवन की आजादी तक का सम्मान भी नहीं किया गया। हां, 'पर उपदेश कुशल जरूर बहुतेरे' हो सकते हैं। यूं भी अमरीका में आज तक शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति राष्ट्रपति बना है, जो ईसाई धर्म को मानने वाला न हो। राष्ट्रपति वहां बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते हैं। अपने यहां तो ऐसी कोई मजबूरी नहीं कि कोई मंत्री या सांसद किस ग्रंथ पर हाथ रख कर शपथ ले। जिसकी जो मर्जी हो, वह वैसा कर सकता है। बराक हुसैन ओबामा अमरीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति थे। जब वह राष्ट्रपति बने, तो उन्हें कहना पड़ा कि वह मुसलमान नहीं ईसाई हैं, क्योंकि वहां के सर्वोच्च पद पर शायद किसी अन्य धर्मावलम्बी के लिए कोई जगह नहीं। अमरीकी बात जरूर बना सकते हैं कि उनके यहां ही सबसे अधिक धार्मिक आजादी है, जबकि अपने देश में डा. जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद और डा. अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने हैं। ज्ञानी जैल सिंह भी राष्ट्रपति रह चुके हैं। और तो और, अमरीका में आज तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बन सकी, जबकि भारत में इंदिरा गांधी 1966 में ही प्रधानमंत्री बन गई थीं, प्रतिभा पाटिल राष्ट्रपति रह चुकी हैं तथा द्रौपदी मुर्मू वर्तमान में देश की राष्ट्रपति हैं। भारतीय समाज एक तरह से समावेशी समाज है। लेकिन ये पश्चिमी एजैंसीज, जब देखो तब भारत को अपनी तरह-तरह की रिपोर्ट्स के डंडों से पीटती रहती हैं। आखिर यह अधिकार इन्हें दिया किसने? आप कौन होते हैं, हमारे देश के बारे में बोलने वाले? दुनिया के दारोगा हैं क्या? सारी हेकड़ी और दारोगाई ईरान ने निकाल दी है, फिर भी अकड़ रहे हैं।

दुनिया भर में काम करने वाले तमाम एन.जी.ओज ही ऐसी रिपोर्ट्स बनवाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इनमें से अधिकांश को विदेशों से धन प्राप्त होता है। इनका कोई न कोई आका ऐसी रिपोर्ट्स बनवाता है। बहुत से पश्चिमी देशों, खासकर अमरीका के बारे में कहा जाता है कि वे ऐसे व्यापारी हैं, जो बिना किसी लाभ के एक डालर खर्च नहीं करते। तो आखिर इन रिपोर्ट्स से अमरीका को क्या लाभ होता है? वह लाभ है, लोगों को तरह-तरह से भड़काना, अस्थिरता पैदा करना।

वैश्विक भारत : उद्योगों की रफ्तार, अर्थव्यवस्था का विस्तार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वस्तुतः मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की यह प्रगति आज कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह उत्पादन क्षमता में वृद्धि को तो दर्शाती ही है, साथ में रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत जैसे युवा देश में, जहां हर वर्ष लाखों छात्र इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं, वहां यह क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम बनता जा रहा है। फरवरी 2026 में मैन्युफैक्चरिंग के 23 उद्योग समूहों में से 14 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होना इस क्षेत्र की व्यापक मजबूती को दर्शाता है। विशेष रूप से बुनियादी धातु, मोटर वाहन और मशीनरी एवं उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि यह संकेत देती है कि भारत का औद्योगिक ढांचा अब अधिक परिपक्व और प्रतिस्पर्धी हो रहा है।

भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में ऐसी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसकी गति, स्थिरता और विविधता ये तीनों ही उसे विशेष बनाती हैं। इस संबंध में सामने आए आर्थिक आंकड़े इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में दर्ज प्रगति इस व्यापक आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है। फरवरी 2026 में भारत की औद्योगिक वृद्धि दर बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी के 4.8 प्रतिशत से अधिक है। कहना होगा कि यह वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता और विस्तार का प्रमाण है। इस वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा योगदान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का रहा, जिसने छह प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। चूंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 75 प्रतिशत है, इसलिए इसका मजबूत प्रदर्शन पूरी औद्योगिक अर्थव्यवस्था को गति देता है। वस्तुतः मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की यह प्रगति आज कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह उत्पादन क्षमता में वृद्धि को तो दर्शाती ही है, साथ में रोजगार सृजन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत जैसे युवा देश में, जहां हर वर्ष लाखों छात्र इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं, वहां यह क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम बनता जा रहा है। फरवरी 2026 में मैन्युफैक्चरिंग के 23 उद्योग समूहों में से 14 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होना इस क्षेत्र की व्यापक मजबूती को दर्शाता है। विशेष रूप से बुनियादी धातु, मोटर वाहन और मशीनरी एवं उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि यह संकेत देती है कि भारत का औद्योगिक ढांचा अब अधिक परिपक्व और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। बुनियादी धातु क्षेत्र में वृद्धि से निर्माण और अवसंरचना को बल मिलता है, जबकि ऑटोमोबाइल और मशीनरी क्षेत्र कृषि, परिवहन और उद्योगों की उत्पादकता को बढ़ाते हैं। खनन और बिजली क्षेत्र भी इस विकास यात्रा में पीछे नहीं हैं। फरवरी में खनन क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ये दोनों क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों की रीढ़ माने जाते हैं और इनमें वृद्धि का अर्थ है कि उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चा माल और ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था के भीतर हो रहे संरचनात्मक परिवर्तन को उजागर करते हैं। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि उद्योगों में निवेश बढ़ रहा है। मशीनों और उपकरणों का अधिक उत्पादन इस बात का संकेत है कि उद्योग विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे भविष्य में उत्पादन, आय और रोजगार में और वृद्धि होगी। इसी प्रकार उपभोक्ता वस्तुओं, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक सामान, रेफ्रिजरेटर और टीवी के उत्पादन में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि यह स्पष्ट करती है कि देश में मांग का स्तर बढ़ रहा है। यह बढ़ती आय, मध्यम वर्ग के विस्तार और उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। जब उपभोक्ता खर्च बढ़ता है, तब यह पूरे आर्थिक चक्र को गति देता है, उत्पादन बढ़ता है, रोजगार सृजित होते हैं और निवेश को प्रोत्साहन मिलता है। यहां उल्लेखित है कि भारत की आर्थिक मजबूती का एक अन्य प्रमुख आधार सरकार द्वारा अवसंरचना क्षेत्र में किया जा रहा भारी निवेश है। राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे परियोजनाओं में लगातार बढ़ते निवेश के कारण अवसंरचना और निर्माण सामग्री क्षेत्र में फरवरी में 11.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। निश्चित ही यह उस दीर्घकालिक दृष्टि का परिणाम है, जिसके तहत सरकार देश को एक मजबूत लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी नेटवर्क प्रदान कर रही है। इन परियोजनाओं का प्रभाव बहुआयामी है। एक ओर ये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करती हैं, वहीं दूसरी ओर उद्योगों के लिए लागत कम करती हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाती हैं। बेहतर सड़क और रेल नेटवर्क से माल परिवहन तेज और सस्ता होता है, जिससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलता है। यदि व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था कई अन्य सकारात्मक संकेत भी दे रही है। देश की जीडीपी वृद्धि दर विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय संस्थान जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक भी भारत को आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देख रहे हैं। भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का प्रवाह लगातार बना हुआ है, जो वैश्विक निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है। 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'पीएलआई (उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन)' जैसी योजनाओं ने मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को नई दिशा दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, रक्षा उत्पादन और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। साथ में देखने में आ रहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था भी भारत की ताकत का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और पारदर्शी बनाया है। इससे न सिर्फ वित्तीय समावेशन बढ़ा है, बल्कि छोटे और मध्यम उद्यमों को भी नई ऊर्जा मिली है। महंगाई पर नियंत्रण और वित्तीय अनुशासन भी भारत की आर्थिक स्थिरता को मजबूत बनाते हैं। सरकार द्वारा संतुलित राजकोषीय नीति और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीतियों ने अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां मौजूद हैं, जैसे भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव फिर भी यहां अच्छी बात यह है कि भारत ने अपनी नीतिगत दृढ़ता और आंतरिक मांग के बल पर इनका प्रभाव सीमित रखा है। अंततः, फरवरी 2026 के भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े सिर्फ एक महीने की उपलब्धि न होकर यह उस निरंतर प्रयास और नीति-निर्माण का परिणाम हैं, जोकि भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मैन्युफैक्चरिंग की गति, पूंजीगत निवेश में वृद्धि, उपभोक्ता मांग का विस्तार और अवसंरचना पर फोकस, कहना होगा कि ये सभी मिलकर आज एक ऐसे आर्थिक परिदृश्य का निर्माण कर रहे हैं, जोकि आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में स्थापित कर सकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत वर्तमान में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसके विकास की दिशा भी फिलहाल सुदृढ़ और टिकाऊ है।

महिला सुरक्षा का सही रास्ता क्या है?

डॉ. प्रियंका सौरभ

समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता।

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है या उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल की घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह बहस फिर तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है। जब कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी केवल और केवल उसी व्यक्ति की होती है। इसे महिला स्वतंत्रता या उसके व्यवहार से जोड़ना न केवल गलत है बल्कि यह पीड़िता को ही दोषी ठहराने जैसा है। समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। सुरक्षा का संबंध व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने से नहीं बल्कि समाज में न्याय, कानून और जागरूकता की मजबूती से है। यह भी कहा जाता है कि महिलाएं स्वभाव से भावुक होती हैं और इसी कारण वे आसानी से किसी के प्रभाव में आ जाती हैं। हालांकि यह आंशिक रूप से सही हो सकता है कि महिलाएं भावनात्मक रूप से अधिक अभिव्यक्त होती हैं लेकिन इसे उनकी कमजोरी मान लेना बड़ी भूल है। भावनाएं मानव स्वभाव का हिस्सा हैं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। असल समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति इन भावनाओं का गलत फायदा उठाता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि महिलाओं की भावनाओं को दबा दिया जाए या उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए बल्कि यह है कि समाज में ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो दूसरों का शोषण करते हैं। आधुनिक समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और अपने निर्णय लेने का अधिकार मिला है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसने उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी आई हैं। स्वतंत्रता का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यह केवल महिलाओं पर ही नहीं, बल्कि पुरुषों पर भी लागू होता है। यदि कोई व्यक्ति गलत निर्णय लेता है, तो उसका परिणाम उसे भुगतना पड़ सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्वतंत्रता ही गलत है। स्वतंत्रता का दुरुपयोग और स्वतंत्रता स्वयं- दोनों में अंतर समझना आवश्यक है। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पहले के समय में महिलाएं अधिक सुरक्षित थीं क्योंकि वे घर की चारदीवारी में रहती थीं। लेकिन यह धारणा भी पूरी तरह सही नहीं है। उस समय भी महिलाओं के साथ अन्याय और शोषण होता था लेकिन वे आवाज नहीं उठा पाती थीं। आज के समय में कम-से-कम महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, अपनी बात कह सकती हैं और न्याय की मांग कर सकती हैं। यह बदलाव समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। रेप और अन्य अपराधों के बढ़ते आंकड़े निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं। लेकिन इनका कारण महिलाओं की स्वतंत्रता नहीं बल्कि अपराधियों की मानसिकता, कानून का कमजोर क्रियान्वयन और समाज में व्याप्त गलत सोच है। यदि किसी समस्या का समाधान खोजना है तो उसके वास्तविक कारणों को समझना होगा। महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करना समस्या का समाधान नहीं है बल्कि यह एक तरह से समस्या से भागने जैसा है। इसके विपरीत, हमें ऐसे समाज की कल्पना करनी चाहिए जहां महिलाएं सुरक्षित भी हों और स्वतंत्र भी। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली में लैंगिक समानता और सम्मान के मूल्यों को शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाया जाना चाहिए कि हर व्यक्ति का सम्मान करना जरूरी है। दूसरा, कानून व्यवस्था को मजबूत करना होगा ताकि अपराधियों को जल्द और सख्त सजा मिल सके। तीसरा, महिलाओं को आत्मरक्षा और आत्मविश्वास के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें। इसके अलावा, मीडिया और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। महिलाओं को केवल एक वस्तु के रूप में प्रस्तुत करना या उनके चरित्र पर सवाल उठाना बंद करना होगा। समाज को यह समझना होगा कि महिला की गरिमा उसके कपड़ों, उसके व्यवहार या उसके निर्णयों से नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व से जुड़ी होती है। अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनकी सुरक्षा- दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किसी एक को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना गलत दृष्टिकोण है। हमें ऐसा संतुलन बनाना होगा, जहां महिलाएं अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग कर सकें और साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण का डर न हो। समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब उसमें हर व्यक्ति- चाहे वह पुरुष हो या महिला-सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सके। महिलाओं को निगरानी में रखने के बजाय उन्हें सशक्त बनाना ही सही दिशा है। यही एक ऐसा रास्ता है, जो न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है।

बाबा विश्वनाथ की काशी में मोहन दिखाएंगे सम्राट विक्रमादित्य का विराट स्वरूप

पवन वर्मा

काशी ऐसी ही एक नगरी है, जहां इतिहास सांस लेता है और परंपरा वर्तमान से संवाद करती है। इसी काशी में, जहां विश्वनाथ धाम के सान्निध्य और पवित्र पावन मां गंगा की जलधारा के किनारे पर 3 से 5 अप्रैल के बीच एक ऐसा सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है, जो केवल मंचन नहीं, बल्कि भारतीय स्मृति और पहचान का पुनर्पाठ है। इस आयोजन के केंद्र में हैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जो महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को काशी के मंच पर जीवंत करने जा रहे हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब काशी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि परंपरा, सत्ता और प्रतीकवाद के त्रिकोण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है। ऐतिहासिक कथा का मंचन नहीं होगा, बल्कि भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण प्रतीक को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का प्रयास भी दिखाई देगा।

हमारे देश की सांस्कृतिक चेतना में कुछ स्थान, शहर केवल भौगोलिक नहीं होते, वे समय, परंपरा और आस्था के जीवंत केंद्र होते हैं। काशी ऐसी ही एक नगरी है, जहां इतिहास सांस लेता है और परंपरा वर्तमान से संवाद करती है। इसी काशी में, जहां विश्वनाथ धाम के सान्निध्य और पवित्र पावन मां गंगा की जलधारा के किनारे पर 3 से 5 अप्रैल के बीच एक ऐसा सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहा है, जो केवल मंचन नहीं, बल्कि भारतीय स्मृति और पहचान का पुनर्पाठ है। इस आयोजन के केंद्र में हैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जो महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गाथा को काशी के मंच पर जीवंत करने जा रहे हैं। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब काशी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। ऐसे में यह कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि परंपरा, सत्ता और प्रतीकवाद के त्रिकोण का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है। ऐतिहासिक कथा का मंचन नहीं होगा, बल्कि भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण प्रतीक को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का प्रयास भी दिखाई देगा। काशी में विक्रमादित्य की गाथा का मंचन, इस बात का संकेत है कि भारतीय इतिहास के महान चरित्र अब केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें नए संदर्भों और नए भूगोल में पुनर्स्थापित किया जाएगा। यह सांस्कृतिक पुनर्सृजन का वह दौर है, जहां इतिहास को पुनः देखा, समझा और प्रस्तुत किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य भारतीय परंपरा में केवल एक शासक नहीं, बल्कि आदर्श शासन, न्याय और विद्वत्ता के प्रतीक माने जाते हैं। उनकी नवरत्न सभा, जिसमें कालिदास जैसे महान विद्वान शामिल थे,भारतीय ज्ञान परंपरा की ऊंचाई को दर्शाती है। विक्रमादित्य की छवि एक ऐसे शासक की रही है, जिसने शक्ति और संवेदना, दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया। उनका शासन केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और न्यायप्रियता का आदर्श भी है। काशी में होने वाला यह महानाट्य इसी विचार को दृश्य रूप में प्रस्तुत करेगा,जहां दर्शक केवल कहानी नहीं देखेंगे, बल्कि उस युग की चेतना को अनुभव करेंगे। काशी में होने वाला यह मंचन एक स्वतंत्र घटना नहीं, बल्कि एक विस्तृत सांस्कृतिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस महानाट्य की शुरुआत देश की राजधानी नई दिल्ली में लाल किला परिसर से हुई थी, जहां इसे भव्यता और गंभीरता के साथ प्रस्तुत किया गया। दिल्ली में प्रस्तुति के दौरान इसे व्यापक सराहना मिली। स्वयं प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी ने इस महानाट्य की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। यह सराहना इस आयोजन को एक राष्ट्रीय पहचान देने में महत्वपूर्ण साबित हुई। इसके बाद यह मंचन भोपाल में आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' जैसे प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बना। यहां सैकड़ों कलाकारों, भव्य मंच सज्जा और तकनीकी नवाचार के साथ

इसे प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में 'विक्रमोत्सव-2026' के अंतर्गत इस महानाट्य का मंचन किया गया, ताकि यह कथा व्यापक जनसमूह तक पहुंचे। इस तरह उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब काशी तक पहुंच रही है। जहां इसे एक नए और व्यापक अर्थ के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को जिस स्तर पर तैयार किया गया है, वह इसे सामान्य नाट्य प्रस्तुतियों से अलग बनाता है। इसमें विशाल सेट, सैकड़ों कलाकारों की टीम और आधुनिक तकनीकी प्रभावों का समावेश है। प्रकाश, ध्वनि और दृश्य प्रभावों के माध्यम से एक ऐसा वातावरण निर्मित किया गया है, जो दर्शकों को सीधे उस युग में ले जाता है। संवादों की गंभीरता, संगीत की भव्यता और अभिनय की सजीवता, ये सभी तत्व मिलकर इस प्रस्तुति को एक समग्र अनुभव बनाते हैं। यह नाटक देखने के साथ ही अनुभव करने की प्रक्रिया है, जहां दर्शक स्वयं को कथा का हिस्सा महसूस करते हैं। वाराणसी को इस आयोजन के लिए चुनना अपने आप में एक गहन प्रतीकात्मक निर्णय है। काशी भारत की आध्यात्मिक राजधानी मानी जाती है, जहां से उठी आवाज पूरे देश में गूंजती है। यहां किसी ऐतिहासिक चरित्र का मंचन करना, उसे केवल प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि उसे राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाना भी है। विक्रमादित्य की गाथा को काशी में प्रस्तुत करना, उसे एक व्यापक सांस्कृतिक संदर्भ प्रदान करता है। यह आयोजन यह भी संकेत देता है कि अब सांस्कृतिक परियोजनाएं क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान अब काशी जैसे राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत हो रही है, जो एक नई दिशा की ओर इशारा करता है। इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें सत्ता, स्मृति और सांस्कृतिक विमर्श का संगम दिखाई देता है। जब कोई सरकार किसी ऐतिहासिक चरित्र को इस प्रकार प्रस्तुत करती है, तो वह केवल अतीत को नहीं दिखा रही होती, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक सांस्कृतिक संदेश भी दे रही होती है। डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में यह पहल मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक नीति का एक हिस्सा भी मानी जा सकती है, जहां इतिहास और परंपरा को आधुनिक माध्यमों के जरिए पुनर्जीवित किया जा रहा है। काशी में होने वाला यह महानाट्य केवल तीन दिनों का आयोजन नहीं रहेगा। इसका प्रभाव लंबे समय तक महसूस किया जाएगा। जब किसी ऐतिहासिक व्यक्तित्व को इतने बड़े स्तर पर प्रस्तुत किया जाता है, तो वह लोगों की सामूहिक स्मृति में स्थायी स्थान बना लेता है। यह आयोजन युवा पीढ़ी को भी अपने इतिहास से जोड़ने का माध्यम बन सकता है, जो आज के डिजिटल युग में पारंपरिक कथाओं से दूर होती जा रही है।

एनपीएस व टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का काला दिवस, मशाल जुलूस की तैयारी

- बड़ी संख्या में जुटे शिक्षक-कर्मचारी, पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भरी हुंकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को आर पी लान, औरास में एनपीएस व्यवस्था के विरोध में काला दिवस मनाते हुए तथा टेट अनिवार्यता के विरोध में आगामी 13 अप्रैल को प्रस्तावित मशाल जुलूस की तैयारियों को लेकर सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी शामिल हुए और पुरानी पेंशन बहाली व टेट अनिवार्यता के विरोध में एकजुट होकर संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस दौरान होली मिलन एवं ईद के अवसर पर आपसी सौहार्द का संदेश भी दिया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि 1 अप्रैल 2004 से लागू की गई एनपीएस व्यवस्था कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है, जबकि आरटीई लागू होने से पूर्व की भर्ती में टेट को अनिवार्य करना भी अनुचित है।

कार्यक्रम में संजय शुक्ला ने शिक्षामित्र जगपाल सिंह के सेवानिवृत्ति पर उन्हें माला, शॉल व उपहार देकर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए अर्पित मिश्र और महेंद्र पाल सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि जूनियर के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा ने टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों को संगठित रहने का आह्वान किया। संजय शुक्ला ने संघर्ष में एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। वहीं प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया।

कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह, इम्तियाज हुसैन, सूफियान अहमद, रीता कुशवाहा, विद्या सागर मिश्र, राजेश कुमार, कमलेश, धनंजय, उमेश कनौजिया, राम आसरे यादव, विद्या सागर, हैदर अब्बास, आशीष, छत्रपाल, कुलदीप यादव, सुफियान, संदीप, ओम प्रकाश शर्मा, राम मिलन, मनीष, अंजू, शिखा, कौशल, शशि देवी, लक्ष्मी यादव,धर्मेंद्र सिंह, अजय, बृजेंद्र, कल्पना, अंजू सिंह, दिनेश, दिव्यांश, श्याम लाल, आशीष सिंह सहित सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए एकजुटता दिखाई। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार एवं जिला/मांडलिक मंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया कि आवश्यक कार्यों के कारण वे बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, किंतु संगठन की इस एकजुटता को सराहते हुए कहा कि शिक्षकों की मजबूत एकता से सरकार पर दबाव बना है और इसी क्रम में शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

पुरवा। विकास खंड क्षेत्र में मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का विदाई एवं सम्मान समारोह बीआरसी भवन चमियानी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गजेन्द्र वर्मा जिला मंत्री/ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एवं रामजन्म सिंह जिला मंत्री/ब्लाक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ पुरवा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग में लंबी सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक शशिराज सिंह (यूपीएस गढ़ाकोला), महेश किशोर (यूपीएस मोहिद्दीनपुर), रामनरेश (प्राथमिक विद्यालय भिटौली), हरिकरण सिंह (प्राथमिक विद्यालय बादीखेड़ा) और आशा देवी (कंपोजिट बनिगांव) को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में सुरेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी पुरवा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। समारोह में सरल कुमार, वरुण सिंह, विवेक कुमार पटेल, संजय द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, आलोक चौरसिया, रमेश कुमार, श्रवण पटेल, , शिखा श्रीवास्तव, शशि प्रभा, रश्मि शंखवार, गयादीन वर्मा, मधुकर कुशवाहा, विपिन कुमार, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार सहित लगभग एक सैकड़ा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

बाला जी जन्मोत्सव के तृतीय दिवस हवन में उमड़ी आस्था

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। सिविल लाइन स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बाला जी मंदिर में चल रहे श्री बाला जी जन्मोत्सव के तृतीय दिवस मंगलवार को हवन-पूजन का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों और मंत्रों की गूंज से आध्यात्मिक माहौल में डूबा रहा।

इस अवसर पर श्री बाला जी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष एवं मंदिर महंत गोपाल कृष्ण त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को हवन के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही यह मन, तन और आत्मा की शुद्धि का भी माध्यम है। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आस्था प्रकट कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी और स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया। पूरे आयोजन में अनुशासन और श्रद्धा का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

सीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मंझनपुर तक निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी मंझनपुर डॉ. नीरज कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनुपमा मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा।

अभियान के तहत आमजन को मच्छरों एवं विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि ह्लस्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना हैङ्क थीम के तहत लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाने, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने तथा कूलर व गमलों को सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा संक्रामक रोगों से बचाव हेतु नालियों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, खुले में शौच न करने तथा शौचालय के नियमित उपयोग के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

आंधी-बारिश में पेड़ गिरा, तीन लोग घायल, तेज गर्जना और बारिश से जनजीवन प्रभावित, बड़ा हादसा टला

शुक्लागंज। मंगलवार की रात शुक्लागंज और आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज गर्जना और बिजली की चमक के साथ आई भीषण आंधी और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान पुराने यातायात पुल चौराहे के पास स्थित वर्षों पुराना विशाल पीपल का पेड़ अचानक धराशायी हो गया, जिसकी चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। तेज आंधी के कारण वर्षों से खड़ा पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़ा। उस समय वहां मौजूद राजीव नगर खंती निवासी राजू, सुमित और आरती पेड़ की टहनियों के नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। घायलों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए पास के निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया।

संचारी रोग व स्कूल चलो अभियान की वैन को डीएम गौरांग राठी ने दिखाई हरी झंडी

- 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग अभियान, 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान, 6 से 14 वर्ष के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय से संचारी रोग जागरूकता वैन, दस्तक अभियान व स्कूल चलो अभियान से संबंधित जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अभियान को गंभीरता से संचालित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा, जबकि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित होगा। उन्होंने कहा कि जागरूकता वैन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव, साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी। साथ ही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि कोई भी घर छूटने न पाए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के तहत भी जागरूकता वैन को रवाना किया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। घर-घर सर्वे, रैलियों तथा मिड डे मील और यूनिफॉर्म जैसी सुविधाओं के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षकों की टीम अभिभावकों से संपर्क कर पात्र बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में पंजीकरण कराए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एन. सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

गंगा कटान से परेशान किसानों ने फोरलेन बांध की उठाई मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। तहसील सफीपुर और बांगरमऊ क्षेत्र के किसानों ने गंगा कटान से हो रहे नुकसान को लेकर फोरलेन बांध निर्माण की मांग उठाई है। फलाहारी बाबा लक्ष्मी शंकर शुक्ला और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में एक दर्जन किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने प्रस्ताव रखा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से बांगरमऊ, सफीपुर होते हुए परियर तक करीब 55 किलोमीटर लंबा फोरलेन बांध गंगा किनारे बनाया जाए। उनका कहना है कि गंगा कटान के कारण लगातार कृषि भूमि का नुकसान हो रहा है और कई गांवों में सीमाविवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। किसानों ने बताया कि कटान के चलते ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों को 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे क्षेत्रीय विकास भी प्रभावित हो रहा है।

फलाहारी बाबा ने जिलाधिकारी से मांग की कि इस प्रस्ताव को शासन को अनुशंसा के साथ भेजा जाए, ताकि बांध निर्माण का रास्ता साफ हो सके और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए प्रशासन के सहयोग से शासन स्तर पर भी प्रयास किए जाएंगे, जिससे दोनों तहसीलों के गांवों का समुचित विकास संभव हो सके।

गौआश्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाए दुरुस्त रखने के निर्देश

कौशाम्बी, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने जनपद के गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नोडल अधिकारियों से आकस्मिक निरीक्षण कराया। जिलाधिकारी द्वारा गौ-आश्रय स्थलों के सुचारु संचालन के लिए पूर्व में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसी क्रम में उन्होंने आज सभी नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अपने-अपने आवंटित गौ-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसमें गोवंशों की ईयर टैगिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, भूसा-चारा की पर्याप्त उपलब्धता, बाउंड्रीवाल की स्थिति, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत सुपुर्द किए गए गोवंशों की स्थिति की जांच शामिल है।

परिषदीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की धूम

- नव प्रवाही बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा विद्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों का टीका लगाकर और फूल बरसाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी और वे स्वयं को सम्मानित व गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर असवां में पहले दिन उत्सव जैसा माहौल रहा। प्रधानाध्यापिका पंचवटी पांडेय ने बताया कि नये सत्र के पहले दिन कक्षा 6 में छह बच्चों का प्रवेश कराया गया। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय परसरा के प्रधानाध्यापक रवींद्र नारायण मिश्रा ने बताया कि पहले दिन 13 नवप्रवेशी बच्चों का नामांकन कर उक्त सभी नवप्रवेशी बच्चों को बैग सहित शिक्षण किट प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयीं। प्रवेशोत्सव के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने का संदेश दिया गया तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने पर जोर दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने नवचेतना परामर्श केंद्र का किया शुभारंभ

बांदा। जनवादी लेखक व कवि बाबू केदारनाथ अग्रवाल की जयंती पर बुधवार को परामर्शदाता डा.सबीहा रहमानी के नवचेतना परामर्श केन्द्र का शुभारंभ जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विमल सिंह ने समारोह के बीच किया। केंद्र संचालक व परामर्शदाता ने बताया कि यहां परिवार व दंपत्ति संबंधी विवाद, महिला उत्पीड़न, कार्यक्षेत्र में महिलाओं के विरुद्ध शोषण पर वाद दायर करने से पहले कानूनी सलाह और काउंसलिंग प्रदान की जाएगी। इससे पीड़ितों का धन और समय की बचत होगी। साथ ही जल्द विवाद का निपटारा के साथ आपसी समझौते के लाभ मिलेगा। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा कि यह नवीन पहल है। इस नवचेतना केंद्र से बहुत लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने परामर्शदाता को हर संभव मदद का भरोसा दिया। अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष आनंद सिन्हा ने कवि केदारनाथ अग्रवाल के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गोपाल गोयल, कमलेश साहू, विनोद सिंह, एजाज खान, आफरीन, अजहर खान, निकहत, कहकशां आदि उपस्थित रहीं।

शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

बिजनौर। जनपद बिजनौर के थाना मंडावली क्षेत्र के गांव जटपुरा भोंडा की बस्ती में शराब की दुकान खोलने के विरोध में महिलाओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। शराब दुकान को बन्द करने की मांग की है। महिलाएं प्रस्तावित शराब की दुकान पर बैठ गईं और विरोध प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मोहल्ले वालों को कहना है कि उन्हें पता चला है कि बस्ती में एक शराब की दुकान खुल रही है। वो लोग यह नहीं चाहते कि यहां दुकान खुले और इसी को लेकर एकजुट हो उठे। महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल आईं और विरोध प्रदर्शन करने लगीं।प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि बस्ती में शराब की दुकान खुलने से उनके परिवार प्रभावित होंगे। उनका यह भी तर्क था कि इससे महिलाओं का आना-जाना मुश्किल हो जाएगा। सूचना मिलने पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिलाओं को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाकर शांत कराया गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ, हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के उरई मुख्यालय के बघोरा स्थित उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय से बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह एवं अपर जिलाधिकारी संजय कुमार के साथ संयुक्त रूप से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ कर जनपद में शिक्षा की अलख जगाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुस्तकें एवं स्कूल बैग वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि 01 अप्रैल 2026 से जनपद के सभी 1489 परिषदीय विद्यालयों में यह अभियान प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग 14 हजार बच्चों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले ही दिन बघोरा विद्यालय में 40 बच्चों का नामांकन किया गया, जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत ऐसे बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित किया जा रहा है जो अभी तक शिक्षा से वंचित हैं, खासकर 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। साथ ही 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों को घर-घर जाकर बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कराने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। यह अभियान 15 अप्रैल तक संचालित रहेगा तथा 30 अप्रैल को इसकी व्यापक समीक्षा की जाएगी।जनपद की साक्षरता दर 81.6 प्रतिशत बताते हुए जिलाधिकारी ने इसे और बेहतर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया और खंड शिक्षा अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों, ग्राम प्रधानों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि केवल नामांकन ही नहीं, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना भी प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी दौरान एक मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण भी सामने आया, जब जिलाधिकारी प्रातः जनसुनवाई कर रहे थे। रामनगर उरई निवासी नेत्रहीन पिता राम सिंह अपने 11 वर्षीय पुत्र ऋतिक के साथ सहायता के लिए पहुंचे। प्रार्थना पत्र में राशन एवं गैस सिलेंडर की आवश्यकता बताई गई।

बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने जब बालक से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह स्कूल नहीं जाता। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत पहल करते हुए बालक ऋतिक को अपने साथ बघोरा स्थित विद्यालय ले जाकर माला पहनाकर उसका नामांकन कराया और उसे शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ दिया। यह संदेश दिया कि प्रशासन न केवल योजनाओं का क्रियान्वयन करता है, बल्कि जरूरतमंदों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य भी करता है।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बागपत में चीनी मिल का अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

बागपत। बागपत जिले में भ्रष्टाचार के मामले में चीनी मिल के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। मेरठ से आई एंटी करप्शन टीम ने यह कारवाई की है। बागपत कोतवाली में मामले की अग्रिम कारवाई जारी है। बागपत की चीनी मिल में दोपहर को एंटी करप्शन टीम ने शिकायत के बाद एक गन्ना विभाग के अधिकारी राजदीप बालियान को गिरफ्तार किया है। आरोप है यह अधिकारी तोल लिपिक से एक काम के बदले 15 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। रसूलपुर सांकलपुट्ठी निवासी विशेष कुमार चार साल से चीनी मिल में संविदा पर तौल लिपिक है। उसकी तैनाती सरूरपुर कला गांव में गन्ना तोल केंद्र पर है। कुछ दिन पहले विशेष की ड्यूटी टोल केंद्र से हटाकर मिल गेट पर लगा दी गई थी जिसको बदलवाने के लिए विशेष गन्ना अधिकारी से मिला था। लेकिन गन्ना अधिकारी काम के बदले 15 हजार की डिमांड करने लगा। विशेष ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	डेवलपमेंट ऑफ बायो टैक रिमेडिएशन प्लांट ऐज सोल्टर ऑफ एक्सीलेंस ऐज पर स्पेसिफिकेशन्स ऐट कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ ।
2	कार्यस्थल	सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ
3	अनुमानित लागत	रु० 34,10,200.00 मात्र।
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य	शून्य।
5	बिड सिक्युरिटी	रु० 68,200/- मात्र।
6	कार्य पूर्ण करने की अवधि	03 मास
7	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	दिनांक- 21.04.2026 समय 15.00 बजे तक।
8	खुलने का समय	निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा । निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है ।
9	कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तें सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
10	वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है।	

सं. 2026-ए.एन.बी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-14 दिनांक 30.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान की साथ 1085/26

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज, डीएम ने किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बुधवार को ल्लसंचारी रोग नियंत्रण अभियानङ्क का भव्य शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु एएनएम शिल्पी से फीता कटवाकर अभियान की शुरुआत कराई। इसके बाद उन्होंने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता एवं एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में जनजागरूकता रैली और वेक्टर कंट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम एवं स्वच्छता दूतों ने भाग लेकर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उनका त्वरित उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए जागरूकता की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि माहभर चलने वाले इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

दस्तक अभियानः घर-घर होगा सर्वे

10 से 30 अप्रैल तक चलने वाले ल्लदस्तक अभियानङ्क के तहत आशा कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव, लक्षण एवं उपचार की जानकारी देंगी। डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि रोगों के संभावित मरीजों की पहचान कर सूची तैयार की जाएगी। बच्चों में बुखार होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में जांच कराने की सलाह दी गई है।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5145 जारी किया गया है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र, डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डीपीएम अनिल यादव, डीसी (आरकेएसके) सचिन गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना गोला की महिला शक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

लखीमपुर खीरी। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना गोला की महिला शक्ति टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिला शक्ति टीम ने अभियान के दौरान साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को विभिन्न प्रमुख कानूनों एवं गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए।

ऐतिहासिक चैती मेला को भव्यता देने पर पालिकाध्यक्ष को बधाई: बद्री प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला के ऐतिहासिक चैती मेला के चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक मंच पर उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विभाग के लोक कलाकारों द्वारा भव्य भजन संध्या एवं लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत निघासन अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद देवीदयाल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रभारी गोला दयाशंकर मौर्य, समाजसेवी दिलीप जायसवाल, विजय आनंद, व्यापारी विमलेश गुप्ता, ललित शर्मा, राजेश तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि विपिन मौर्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि बद्री प्रसाद मौर्य ने कहा कि छोटी काशी गोला का ऐतिहासिक चैती मेला अपनी भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा के लिए जाना जाता है। उन्होंने मेला को भव्य स्वरूप देने के लिए पालिकाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं।

विशिष्ट अतिथि दयाशंकर मौर्य ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए मेले की सराहना की। वहीं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि चैती मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर और जीवनशैली का प्रतीक है, जिसे सहेजने और आगे बढ़ाने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने ल्लहमार देसवा सोने की चिरैयाङ्क एवं ल्लरेलियां बैरन पिया को लिए जाए रेङ्क जैसे लोकगीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद लोकगायक सतीश तिवारी ने ल्लहे शंभू इच्छा तिहारी, द्वार तुम्हारे आए हैंङ्क भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया कार्यक्रम में सभासदों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने उपस्थित होकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

गोला डिपो में भ्रष्टाचार के आरोप, सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। जिले के छोटी काशी गोला स्थित रोडवेज डिपो इन दिनों कर्मचारियों के विरोध के चलते चर्चा का विषय बना हुआ है। डिपो के कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एआरएम कार्यालय को ज्ञापन सौंपा है।

कर्मचारियों का कहना है कि डिपो में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है और लगातार बढ़ती अनियमितताओं के चलते कर्मचारियों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही, कर्मचारी संघ के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया गया है। कर्मचारियों के अनुसार, डिपो में आयोजित बैठकों में संगठन को न तो सूचना दी जाती है और न ही वार्ता के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन समस्याओं से आक्रोशित उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा पत्रांक संख्या 026 दिनांक 28 मार्च 2026 के माध्यम से 1 अप्रैल 2026 को धरना-प्रदर्शन की सूचना दी गई थी। हालांकि एआरएम कार्यालय के आग्रह पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तिथि को फिलहाल आगे बढ़ा दिया गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो 9 अप्रैल 2026 को डिपो कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की औद्योगिक अशांति के लिए डिपो प्रशासन और निगम प्रबंधन जिम्मेदार होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, शाखा मंत्री राजेश कुमार शर्मा, कार्यशाला अध्यक्ष इकबाल हुसैन, अभिषेक शर्मा उर्फ लंकेश, संरक्षक अश्वनी कुमार, मो. इकबाल, कार्यशाला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

गोला में 21वीं राज्य स्तरीय सपेकटाकरा चैंपियनशिप के आयोजन की संभावना

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। यहां 21वीं उत्तर प्रदेश सीनियर (पुरुष एवं महिला) सपेकटाकरा चैंपियनशिप के आयोजन की संभावना जताई जा रही है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश सपेकटाकरा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं जिला सपेकटाकरा संघ के सचिव (पूर्व ITBP) तान सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मई माह के अंतिम सप्ताह में जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उत्तर प्रदेश सपेकटाकरा एसोसिएशन द्वारा प्रतियोगिता की आधिकारिक तिथियों की पुष्टि की जाएगी, तुरंत अगली सूचना जारी कर दी जाएगी। तिथियां तय होने के बाद आयोजन समिति की विशेष बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सभी पदाधिकारियों की सहमति से प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताया गया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से ही आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा।

गोला चीनी मिल दे रही उन्नतशील प्रजातियों का गन्ना बीज

- कृषकों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल गोला परिक्षेत्र के ग्राम पड़सर में एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक महेंद्र सिंह ने की। गोष्ठी में वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए उन्नतशील प्रजातियों के चयन एवं अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा कोलख-14201, को-0118 एवं 15023 प्रजातियों का गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही किसानों को हरियाणा-119, कोशा-91269 एवं पीबी-95 जैसी अनामित एवं अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह दी। भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा का उपयोग भी मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मृदा में मौजूद हानिकारक फफूंद नष्ट होते हैं और भूमि की गुणवत्ता सुधरती है। वहीं बीज उपचार हेतु थायोफिनेट मिथाइल फफूंदीनाशक भी अनुदान पर दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान, शाहजहांपुर के सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. कपिल ने बताया कि गन्ना प्रजाति को-0238 रेडरॉट रोग से प्रभावित हो रही है, इसलिए इसकी बुवाई में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने उन्नत प्रजातियों जैसे को-0118, 15023,

कोलख-14201 तथा निचले क्षेत्रों के लिए को-98014 एवं कोलख-94184 की बुवाई करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को ट्रेंच विधि से 4 फीट की दूरी पर बुवाई करने, बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो-तिहाई हिस्से का उपयोग करने तथा सही बीज चयन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सचिव गोला बलवन्त चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध एमबी प्लाऊ, ट्रैक्टर, रोटावेटर आदि के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने गहरी जुताई के लाभ बताते हुए कहा कि इससे मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है और पैदावार में वृद्धि होती है। गोष्ठी का संचालन सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) ओ.डी. शर्मा ने किया। इस अवसर पर संजीव चौधरी, आशीष कुमार सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

ट्रेन की टक्कर से 5 वर्षीय बाघिन की दर्दनाक मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व के मैलानी बफर जोन से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। महूरैना बीट क्षेत्र में भीखमपुर हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय करीब 5 वर्षीय मादा बाघिन तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात बाघिन जंगल से निकलकर रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाघिन का शव पटरी से काफी दूर जा गिरा। घटना का पता बुधवार सुबह करीब 9 बजे चला, जब वन विभाग की टीम नियमित गश्त पर थी। रेल पटरी के किनारे बाघिन का शव देख कर्मियों के होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृत बाघिन के शव को कब्जे में लेकर मैलानी रेंज मुख्यालय लाया गया, जहां तीन पशु चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। वन विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

चैती मेले में बिछड़ी मासूम अबीबा, पुलिस ने तत्परता से मिलाया परिवार से

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। नगर के ऐतिहासिक चैती मेले में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घूमने आए एक परिवार की मासूम बच्ची भीड़ में बिछड़ गई। हालांकि गोला पुलिस की सतर्कता और तत्परता से बच्ची को कुछ ही समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम संसारपुर निवासी करीमुद्दीन अपने परिवार के साथ चैती मेला देखने आए थे। मेले की भीड़ के दौरान उनकी पुत्री अबीबा अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी देर तक अपने स्तर से तलाश की, लेकिन सफलता न मिलने पर घबराए हुए कोतवाली गोला पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने तत्काल पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए मेला परिसर में व्यापक खोज अभियान चलाया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुछ ही समय में बच्ची अबीबा को भीड़ से सकुशल बरामद कर लिया। कोतवाली परिसर में जब मासूम को उसके पिता के सुपुर्द किया गया तो परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। परिजनों ने प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

सीएमओ की मौजूदगी में जनपद में शुरू हुआ अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन

- महिलाओं को मिलेगा नया सुरक्षित विकल्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। परिवार नियोजन सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जनपद में अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन की शुरुआत की गई। जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले का पहला इंजेक्शन गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. शिवानी शर्मा द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. प्रमोद वर्मा तथा फैमिली प्लानिंग मैनेजर पद्माकर त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के तीन केंद्रों–जिला महिला चिकित्सालय, सीएचसी फरधान और सीएचसी नकहा–पर इस नई सुविधा की शुरुआत की गई है।

सीएचसी फरधान में अधीक्षक अमित बाजपेई और एमएच कंसलटेंट लल्ला सिंह की मौजूदगी में नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जबकि सीएचसी नकहा में डीपीएम अनिल यादव व अधीक्षक डॉ. रामू वर्मा के नेतृत्व में इसका शुभारंभ किया गया। सीएमओ ने बताया कि अंतरा सबक्यूटेनिअस इंजेक्शन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प है। यह इंजेक्शन त्वचा के नीचे लगाया जाता है और तीन महीने तक गर्भधारण से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे महिलाओं को बार-बार दवा लेने की आवश्यकता नहीं होती।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य परिवार नियोजन सेवाओं को विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं तक अधिक सुलभ बनाना है।

इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के साथ अनियोजित गर्भधारण की समस्या में भी कमी आएगी। सीएमएस डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में महिलाओं की काउंसलिंग की जा रही है, ताकि उन्हें इस इंजेक्शन के लाभ और उपयोग की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो महिलाएं पहले से पारंपरिक अंतरा इंजेक्शन ले रही हैं, उन्हें नया इंजेक्शन नहीं दिया जाएगा और नए इंजेक्शन लेने वाली महिलाओं को पुराना विकल्प नहीं दिया जाएगा।

इस दौरान डॉ. अंजली वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा, फैमिली प्लानिंग काउंसलर शिखा कश्यप, एएफएचसी काउंसलर दीपमाला, एसटीआई काउंसलर प्रियंका अवस्थी, पीपीटीसीटी काउंसलर सोनम सक्सेना, एएनएम आरती वर्मा, रश्मि सक्सेना, मधू, लोकेश सिंह व अजीत वर्मा सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

ससुराल में प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या, ससुर व पत्नी गिरफ्तार

अज़ान खीरी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हैदराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने ससुर व पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि ग्राम निमचौना, थाना महोली (सीतापुर) निवासी राजकुमार ने थाना हैदराबाद में तहरीर देकर बताया कि उनके पुत्र प्रदीप कुमार की शादी 13 अप्रैल 2024 को नगरासलेमपुर निवासी नैन्शी पुत्री पप्पू के साथ हुई थी। शादी के बाद प्रदीप अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल नगरासलेमपुर गया था, जहाँ ससुर पप्पू (42) व पत्नी नैन्शी (20) ने उसे गाली-गलौज कर धमकाया और शादी में खर्च हुए रुपयों की माँग करने लगे। लगातार हो रही शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर प्रदीप ने 6 सितंबर 2025 को गांव के बाहर आत्महत्या कर ली। वादी की तहरीर पर 12 नवंबर 2025 को थाना हैदराबाद में मु.अ.सं. 377/2025 धारा 108/352 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

विवाहिता के साथ घर में घुसकर दुराचार करने के मामले में दोषी को दस साल की कैद, अर्थदण्ड भी लगा

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में विवाहिता के साथ घर में घुस कर दुराचार करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 16 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि इस मामले में पीड़िता ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार उसका पति बाहर रहता था।

संचारी रोग नियंत्रण पाने को सावधान रहने की आवश्यकता : डॉ. ए.के. तिवारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने, सोर्स रिडक्शन पर ध्यान देना अतिआवश्यक है। उक्त बातें बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण को लेकर शुरू हुए अभियान में प्रयागराज के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी ने कही।

उन्होंने ल्लदस्तक अभियानङ्क के दौरान बुखार, आईएलआई केस, क्षय रोग के लक्षण, कुपोषित बच्चों और मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान (प्रथम चरण) का बुधवार को शुभारम्भ संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मंडल डॉ. आशु पाण्डेय ने किया । उन्होंने नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान एक से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जबकि ल्लदस्तक अभियानङ्क 10 से 30 अप्रैल तक संचालित होगा। अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाया गया है और इसके सफल संचालन के लिए नगर निगम, पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यान, कृषि एवं सिंचाई विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के तहत जन-जागरूकता, साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, फॉगिंग समेत विभिन्न गतिविधियां चलाई जाएंगी। इस दौरान डॉ. आशु पाण्डेय ने अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने किया। जिला मलेरिया अधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों में डेंगू, चिकनगुनिया सहित अन्य रोगों पर नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

संचारी रोगों से सुरक्षित रहना है तो स्वच्छता

जिला मलेरिया अधिकारी ए.के. सिंह ने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए लोगों को अपने आसपास सफाई रखने, शौचालयों की नियमित सफाई तथा जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही हीट वेव से बचाव, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों पर तापमान की जानकारी प्रदर्शित करने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष इंतजाम करने पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशु पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवीन्द्र सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अंशु वैश्य, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. आलोक कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतापगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारम्भ

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक से 30 अप्रैल तक संचालित किये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक संचालित किये जाने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ बुधवार को रैली निकाल कर किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए0एन0 प्रसाद ने मौजूद लोगों को संचारी रोगों के खिलाफ लड़ाई में सहभागिता के लिये शपथ दिलाई। जिसके द्वारा अपने घर व आस-पास साफ-सफाई रखने, जल जमाव न होने देने तथा बुखार के लक्षण वाले मरीजों को शीघ्र अतिशीघ्र पास के सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ढोल ताशे वा लाउडस्पीकर के माध्यम से रैली में शामिल लोग नारे लगाते हुये लोगों को जागरूक करते हुये घण्टाघर चौक तक गये।

कार्यालय ग्राम पंचायत-गोला देहात, विकास खण्ड कुम्भी गोला (खीरी)

पत्रांक-मेमो/टेण्डर/ 2026-27 दिनांक -01.04.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोला देहात में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आवशयकता है इच्छुक फर्म दिनाँक 02/04/2026 से 08/04/2026 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दिन के 03 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 09/04/2026 को प्रातः 10.00 बजे पंचायत घर गोला देहात में ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी के समक्ष खोला जाएगा टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत गोला देहात से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत अधिकारी का होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री
1	ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर नाली व क्रास निर्माण कार्य	ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बालू, मौरग, गिट्टी व सरिया
2	कुम्हार वाली गली में इण्टरलॉक व एल टाइप नाली निर्माण कार्य	ईट, रोडा, सीमेन्ट, बालू, मौरग, गिट्टी, सरिया व इण्टरलॉक
3	अरुन के मकान से मास्टर के मकान तक नाली निर्माण कार्य	ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बालू, मौरग, गिट्टी व सरिया
4	सी0सी0 रोड से इण्टरलाक रोड तक नाली, बाक्सिंग व इण्टरलाक निर्माण कार्य	ईट, रोडा, सीमेन्ट, बालू, मौरग, गिट्टी, सरिया व इण्टरलॉक

राजेश गिरि एड.
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोला देहात
विकास खंड कुम्भी (गोला) खीरी

ललित वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गोला देहात
विकास खंड कुम्भी (गोला) खीरी

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

एजेंसी

कोलकाता। अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी।

इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा। केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ

प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा। ग्रीन ने पहले मैच में 10 गेंद पर 18 रन बनाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी प्रबंधन के निर्देशों के कारण उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के कारण केकेआर उनकी जगह पर वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल को अंतिम एकादश में शामिल करने के बारे में सोच सकता है।

गुजरात टाइटन्स शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर है: चोपड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन सहित शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर है जिसके कारण टीम परेशानी में पड़ सकती है। पिछले कुछ सत्र में गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहा है और यह सिलसिला मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के उसके पहले मैच में भी जारी रहा। इस मैच में गुजरात के मध्य क्रम की कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई। चोपड़ा ने जियोस्टार पर कहा,''गुजरात टाइटन्स के लिए शीर्ष तीन बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वे खुद को कोई दूसरा उपाय खोजने का मौका नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कई लोग शायद इस बात पर यकीन न करें लेकिन ग्लेन फिलिप्स के 25 रन वास्तव में आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। उनसे और अधिक निरंतरता की उम्मीद की जाती है। वाशिंगटन सुंदर को भी तेजी से रन बनाने की जरूरत है। चोपड़ा ने टीम के चयन और बल्लेबाजी क्रम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''उन्होंने शाहरुख खान को टीम में बनाए रखा है, लेकिन मुझे लगता है कि कुमार कुशाग्र भी चयन के हकदार थे। गुजरात को अपने चौथे, पांचवें और छठे नंबर के बल्लेबाजों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। चोपड़ा ने गिल की कप्तानी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''उनकी रणनीति समझ से परे है। जब मैच लगभग खत्म हो चुका था तब भी मोहम्मद सिराज के दो ओवर बचे थे और प्रसिद्ध कृष्णा को काफी देर से गेंदबाजी के लिए लाया गया। कुल मिलाकर शुभमन गिल की कप्तानी में कुछ कमियां नजर आईं।

संक्षिप्त समाचार

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : हॉकी में छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक

रायपुर। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज बुधवार को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पुरुषों की हॉकी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला गया। इसमें छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को 14-6 से हरा कर कांस्य पदक जीता। मैच की शुरुआत से ही छत्तीसगढ़ की टीम आक्रामक नजर आई और लगातार गोल दागते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। मध्यप्रदेश की टीम ने भी मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के बेहतरीन समन्वय और तेज खेल के आगे टिक नहीं पाई। शानदार जीत के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया और स्टेडियम में मौजूद खेल प्रेमियों ने जोरदार तालियों के साथ टीम का उत्साहवर्धन किया। इस जीत के साथ छत्तीसगढ़ ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है और राज्य के खिलाड़ियों के बढ़ते खेल कौशल को भी प्रदर्शित किया है।

वर्ल्ड कप से पहले ब्राज़ील की दमदार तैयारी, क्रोएशिया को 3-1 से हराया

ऑरलैंडो। ब्राज़ील राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने वर्ल्ड कप की तैयारियों के तहत खेले गए मैत्री मुकाबले में क्रोएशिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला मंगलवार को कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में खेला गया। मैच के पहले हाफ में ब्राज़ील ने गेंद पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके बनाए। 20वें मिनट में दानिलो का प्रयास क्रोएशियाई गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने रोक दिया। इसके बाद भी ब्राज़ील लगातार आक्रामक खेल दिखाता रहा। आखिरकार पहले हाफ के अंत में ब्राज़ील को सफलता मिली, जब माथियस कुन्हा के पास पर विनीसियस जूनियर ने बेहतरीन रन बनाते हुए दानिलो को पास दिया, जिन्होंने शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में क्रोएशिया ने वापसी की कोशिश की और 84वें मिनट में लोवरो माजेर ने टोनी फ्रुक के क्रॉस पर गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, इसके बाद ब्राज़ील ने तेजी से जवाब दिया। 88वें मिनट में इगोर थियागो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को फिर से बढ़त दिलाई। इंजरी टाइम में गेब्रियल मार्टिनेली ने गोल कर जीत 3-1 से पक्की कर दी। मैच के बाद कैसेमिरो ने कहा कि टीम को अभी और सुधार की जरूरत है, लेकिन वे वर्ल्ड कप में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। अब ब्राज़ील जून में मिस्र राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगा, जबकि वर्ल्ड कप में उसका पहला मुकाबला मोरक्को से होगा। वहीं, क्रोएशिया टूर्नामेंट से पहले बेल्जियम और स्लोवेनिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में गिरावट, किसानों का सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने सरकार से प्याज की कीमतों में आई तेज गिरावट को रोकने के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) तुरंत लागू करने का आह्वान किया है। संघ का कहना है कि कीमतों में गिरावट से किसान गंभीर वित्तीय संकट में फंस गए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने कहा कि प्याज की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है, जो स्पष्ट रूप से संकटग्रस्त बिक्री की स्थिति को दर्शाती है और एमआईएस लागू करने के मानदंडों को पूरा करती है। उन्होंने आगाह किया कि यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने सरकार से किसानों को राहत देने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया। बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस), पीएम-आशा का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य किसानों को उन कृषि एवं बागवानी उत्पादों की खरीद के लिए उचित मूल्य उपलब्ध कराना है जो नाशवान (पेरिशेबल) होते हैं और मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के दायरे में नहीं आते। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सुनेत्रा पवार को भेजे गए ज्ञापन में दिघोले ने कहा कि समूचे महाराष्ट्र में प्याज उत्पादकों को कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) में कीमतों में तेज गिरावट के कारण भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह योजना लागू की जाती है तो बाजार में सरकार के खरीदार के रूप में प्रवेश से कीमतों को स्थिर करने, घबराहट में बिक्री को रोकने तथा व्यापारियों द्वारा दरें दबाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। दिघोले ने कहा कि किसानों को फिलहाल प्याज के लिए 300 से 800 रुपये प्रति क्विंटल ही मिल रहे हैं, जो अनुमानित 1,500 से 1,800 रुपये प्रति क्विंटल उत्पादन लागत के आधे से भी कम है। मौजूदा कीमतें तो कटाई और परिवहन लागत तक को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त नहीं हैं जिससे किसान मजबूरी में कम दाम पर बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में किसानों को कम कीमतों के कारण सड़क पर प्याज फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

हुंदै मोटर इंडिया की कुल बिक्री मार्च में 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई

नयी दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई रही। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि मार्च 2026 की बिक्री में घरेलू बिक्री की 55,064 इकाई और 13,940 इकाई का निर्यात शामिल हैं। घरेलू बिक्री मार्च के किसी भी महीने की अब तक की सबसे अधिक रही और इसमें सालाना आधार पर 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि जनवरी से मार्च 2026 की अवधि में कुल बिक्री 2,08,275 इकाई रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है। इसमें चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) में घरेलू बिक्री 1,66,578 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत अधिक है जो उसकी स्थापना के बाद से सर्वाधिक रही।

अर्जेंटीना में संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने दिखाया जलवा

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में मंगलवार को यहां जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की।

ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज़ को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किये। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने 1978 और 1986 में भी विश्व कप जीता था।

लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने से चूका इटली

एजेंसी

जेनिका (बोस्निया)। फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया। फुटबॉल विश्व कप में इटली का

गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था। इटली के कोच जेन्नारो गट्टूसो ने कहा, ''यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा, ''हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा। इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पंजाब किंग्स ने इस मैच में गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में जीत से शुरुआत की। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। तेज गेंदबाज वैशाक विजयकुमार और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने मिलकर पांच विकेट लिए, जिससे पंजाब ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। पंजाब ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज कूपर कॉनली ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,150 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,37,060 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसकी वजह से ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार के दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,50,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है।

घरेलू बाजार की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आज सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में तेजी नजर आ रही है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,652.31 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 74.64 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,670 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,37,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी, नई दरें लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनियाभर में क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बुधवार को 195.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें बुधवार से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक, कमर्शियल एलपीजी के दाम में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2,078.50 रुपये हो गई है। इससे पहले 1 मार्च को 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की कीमत अभी 913 रुपये है। इससे पहले, सात मार्च को 14.2 किलोग्राम के घरलू एलपीजी के सिलेंडर की कीमत 60 रुपये बढ़ाई गई थी। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्वामित्व वाली इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम अंतरराष्ट्रीय मानकों और विनिमय दर के आधार पर हर महीने की पहली तारीख को एटीएफ और एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करती हैं।

पिछले साल मार्च में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी के बाद से इसकी कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है।

स्टॉक मार्केट में टिप्को इंजीनियरिंग की फीकी शुरुआत, घाटे में आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल मशीनरी कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी टिप्को इंजीनियरिंग इंडिया के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फीका प्रदर्शन कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 89 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ 0.28 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 89.25 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने पर कंपनी के शेयर 84.81 रुपये के स्तर तक गिर गए। हालांकि बाद में लिवालों ने खरीदारी का जोर बना कर इस शेयर को सहारा दिया, जिससे इसकी स्थिति में सुधार होने लगा। दोपहर 11:45 बजे ये शेयर 88.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.56 प्रतिशत के नुकसान में थे। टिप्को इंजीनियरिंग इंडिया 60.55 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 25 मार्च के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.70 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 3.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

जेट फ्यूल की कीमत में दोगुनी से ज्यादा की बढ़ोतरी, और महंगा हो सकता है हवाई सफर

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने नए वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दिन ही एटीएफ यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल या जेट फ्यूल के दाम में जबरदस्त बढ़ोतरी कर दी है। इस बढ़ोतरी के बाद पहली बार जेट फ्यूल की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलो लीटर के स्तर को पार कर गई है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण देश में पहली बार जेट फ्यूल की कीमत में दोगुनी से भी अधिक बढ़ोतरी की गई है। उल्लेखनीय है कि ये लगातार दूसरा महीना है, जब सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने जेट फ्यूल की कीमत मे इजाफा किया है। आज इसकी कीमत में दोगुनी से भी ज्यादा

बढ़ोतरी होने के कारण तमाम एयरलाइंस समेत सिविल एविएशन सेक्टर में काम करने वाली सभी कंपनियों के ऑपरेटिंग कॉस्ट में जबरदस्त बढ़ोतरी होना तय हो गया है। ऐसी स्थिति में अब हवाई सफर के और महंगा हो जाने की आशंका भी बन गई है। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार दिल्ली में जेट फ्यूल की कीमत 1,10,703.08 रुपये प्रति किलो लीटर यानी 114.5 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। इस बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 2,07,341.22 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है। आज के पहले पिछले महीने एक मार्च को एटीएफ की कीमत में 5,244.75 रुपये प्रति किलो लीटर यानी 5.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा आज की गई बढ़ोतरी के बाद पहली बार जेटफ्यूल (एटीएफ) की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलो लीटर के आंकड़े को पार कर गई है। इससे पहले 2022 में एटीएफ की कीमत अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। उस समय जब रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद तेल की कीमतों में भारी उछाल आया था, जिसकी वजह से जेट फ्यूल की कीमत उछल कर 1.10 लाख रुपये प्रति किलोलीटर हो गई थी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आईआईटी कानपुर व जीएसवी के बीच समझौता, परिवहन क्षेत्र में शोध को मिलेगा नया आयाम : प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी), वडोदरा के बीच शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए बुधवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्रौद्योगिकी को केंद्र में रखते हुए किया गया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शोध और कौशल विकास को सुदृढ़ करना है।समझौते पर हस्ताक्षर आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल और जीएसवी के कुलपति प्रो. मनोज चौधरी ने किए। इस एमओयू को लेकर आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह सहयोग परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में उन्नत शोध, नवाचार और कौशल विकास को नई दिशा देगा, जिससे देश में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा मजबूत होगी। सहयोग के तहत जीएसवी के स्नातक छात्रों को आईआईटी कानपुर में उन्नत प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही रेलवे अनुसंधान और अन्य परिवहन क्षेत्रों में संयुक्त शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। रेल, सड़क, वायु और समुद्री परिवहन के साथ-साथ अंतरदेशीय जलमार्गों में भी एकीकृत अनुसंधान और डिजाइन गतिविधियां संचालित की जाएंगी। आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और कंप्यूटर विजन का उपयोग कर स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित करने पर भी जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी न केवल परिवहन क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकों के विकास को गति देगी, बल्कि यात्रा की गति, सुरक्षा और विश्वसनीयता को भी बेहतर बनाएगी। साथ ही, इस पहल से भारत में विकसित उत्पादों और सेवाओं के निर्यात के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके अलावा, संकाय विनिमय कार्यक्रमों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण व्यवस्थाएं भी लागू की जाएंगी, जिससे प्रशिक्षण को वैश्विक मानकों तक पहुंचाया जा सके। यह पहल प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस दौरान प्रो. तरुण गुप्ता, प्रो. योगेश सिंह चौहान और प्रो. दीपु फिलिप भी मौजूद रहे।

यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन स्पाइनल स्पेशल कोर्स एवं प्रथम बीएचयू स्पाइन कैडर कोर्स 19 अप्रैल से

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में 12वां उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (यूपीओए) स्पेशल कोर्स इन स्पाइन आगामी 19 अप्रैल को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम बीएचयू स्पाइन कैडर कोर्स 18 अप्रैल को आईएमएस बीएचयू में ही आयोजित होगा। ये दोनों कार्यक्रम राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित फैकल्टी की उपस्थिति में रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के नवीनतम सिद्धांतों, निदान और उपचार पद्धतियों पर केन्द्रित होंगे। कार्यक्रम में ऑर्थोपेडिक सर्जन, स्पाइन विशेषज्ञ, प्रशिक्षु और स्पाइन केयर में रुचि रखने वाले अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों सहित लगभग 80ऽ100 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। आयोजक अध्यक्ष प्रो. अजीत सिंह (ऑर्थोपेडिक्स) ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें प्रमुख विषय, डिस्क सम्बंधित समस्याएँ, स्पाइनल डीजेनेरेशन (घिसावट), विकृति (डीफॉर्मिटी), संक्रमण और अन्य रीढ़ संबंधी विकार रहेंगे। कार्यक्रम में लक्षित व्याख्यान, केस प्रस्तुतियां, इंटरैक्टिव चर्चाएं और पैनल प्रश्नोत्तर होंगे। इसमें फैकल्टी, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्पाइन विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में ऑर्थोपेडिक सर्जन, न्यूरो सर्जन (स्पाइन में रुचि रखने वाले), प्रशिक्षु, फिजियोथेरपिस्ट और स्पाइन केयर में संलग्न अन्य सहयोगी स्वास्थ्य पेशेवर भाग ले सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण विभाग ऑफ ऑर्थोपेडिक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में हो रहा है।

पूर्व विधायक विजय सिंह के घर में हुए विस्फोट में घायल पूर्व प्रधान की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर हुए विस्फोट में घायल समर्थक पूर्व प्रधान भैया लाल चौहान की मौत हो गई।

मालूम हो कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर निवासी पूर्व प्रधान भैया लाल का कानपुर में इलाज चल रहा था। पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर हुए विस्फोट में उनके बेटे सिक्की, विक्की एवं भैया लाल सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। जिनके विरोध में नखास चौकी इंचार्ज इमरान फरीद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दर्ज कराई रिपोर्ट में घुमना चौकी इंचार्ज इमरान फरीद ने कहा है कि 17 मार्च 26 को समय करीब 6 बजे शाम हमराह सिपाही मलखान सिंह साहबगंज चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी दो घायल व झुलसे हुए व्यक्ति भारत नर्सिंग होम की तरफ ई-रिक्शा में कुछ लोग लेकर जा रहे थे। मेरे द्वारा रोककर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दोनों घायल व झुलसे हुए व्यक्ति पूर्व विधायक विजय सिंह के लड़के अभिनाश उर्फ विक्की व अभिषेक उर्फ सिक्की हैं। इनके घर में भयानक विस्फोट हो गया है। जिसमें 5 से 6 लोग घायल हो गए हैं, कुछ लोग वहीं मौके पर पड़े हैं। इस सूचना पर मैं हमराही के साथ पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास स्थित मोहल्ला नाला मछरट्टा पहुंचा, तो देखा कि घर के बाहर पब्लिक के लोग काफी जमा थे और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल था। लोग चीख पुकार कर रहे थे। गेट के अंदर घुसते ही फर्श टूटा पड़ा था और बेसमेंट की छत उखड़ गई थी और उसमें रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। मलबे में एक व्यक्ति भैयालाल पुत्र हरिकिशन निवासी नूरपुर थाना मऊदरवाजा मलबे में बुरी तरह घायल अवस्था में दबा पड़ा था, जिसको हमराही की मदद से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पूछने पर लोगों ने बताया कि अन्य घायलों में विक्की व सिक्की के अलावा कुछ अन्य लोग और भी हैं जिनके नाम ईशू चौरसिया पुत्र धनश्याम चौरसिया उम्र करीब 29 वर्ष निवासी मोहल्ला नाला मछरट्टा, रामवीर यादव पुत्र अजय राज उम्र करीब 60 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद, रानू मिश्रा पुत्र वीरेंद्र मिश्रा निवासी मितूकपुर, उम्र करीब 35 वर्ष, भैयालाल पुत्र हरिकिशन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी नूरपुर थाना मऊदरवाजा और बाकी अन्य लोगों को जनता द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया है। साहस कर मेरे द्वारा टूटे हुए बेसमेंट में देखा गया तो उसमें से विस्फोटक पदार्थ की बू आ रही थी और दीवारों पर खून के धब्बे लगे थे। पूरे मकान की तीसरी मंजिल तक खिड़की, दरवाजे, ग्रिल, छत और लैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त पड़े थे। आसपास के लोगों ने बताया कि समय करीब लगभग 7.30 बजे के आसपास तेज धमाके के साथ पूरी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गयी। उसमें मौजूद लोग घायल हो गये। मौके की स्थिति से यह स्पष्ट है कि मकान में मौजूद उक्त लोगों द्वारा अवैध विस्फोटक पदार्थ संग्रह कर निर्माण किया जा रहा था, जिस कारण यह घटना घटित हुई और लोगों की जान का खतरा उत्पन्न हो गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, बीएसए ने घर-घर जाकर कराया नामांकन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत विकासखंड बक्सा के प्राथमिक विद्यालय सदरूद्दीनपुर में नामांकन अभियान उत्साह और जनभागीदारी के साथ बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने किया। उन्होंने गांव पहुंचकर घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन कराया और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान कुल 25 बच्चों का नामांकन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यालय के अध्यापकों ने नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को किताबें, कॉपियां और पेंसिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान विंध्यवासिनी उपाध्याय, विद्यालय के समस्त शिक्षक, गांव के सम्मानित नागरिक और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लिया।

देवरामपुर क्रासिंग पर ओवर ब्रिज के लिए धनराशि स्वीकृत

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार ने फर्रुखाबाद जिले के देवरामपुर एवं नगला खैरबंद के ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए धनराशि की मंजूरी दे दी है। सदर विधायक के साथ पत्रकारवार्ता के दौरान ब्रिज कारपोरेशन के इंजीनियर वीरेंद्र चतुर्वेदी मौजूद रहे, जिन्होंने ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में तकनीकी जानकारियां दी। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बुधवार को बताया की राज्य सरकार ने मंगलवार रात ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 9743.28 लाख रूपयों का अनुमोदन किया है। करीब तीन माह में ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य शुरू हो जाने की संभावना है। दोनों ओवर ब्रिजों की लंबाई 1013.71 मीटर है।

संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

समूह सम्पादक
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

सलाहकार संपादक
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

स्थानीय संपादक
दिनेश कुमार गर्ग

कार्यकारी संपादक
अभयानंद शुक्ल

आध्यात्मिक संपादक
राम महेश मिश्र

ब्यूरो चीफ
मनोज कुमार शुक्ला

स्टेट कोआर्डिनेटर
विपिन सोनी

संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ

डायल 112 को मिली नई ताकत, पुलिस बेड़े में शामिल हुई 19 इनोवा : रघुबीर लाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया ही प्रभावी पुलिसिंग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायल 112 सेवा को लगातार मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी घटना पर पुलिस की पहुंच न्यूनतम समय में सुनिश्चित हो सके और आमजन को तत्काल राहत मिल सके। यह बातें बुधवार पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने कहीं। शहर की आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट ने अपने वाहन बेड़े में 19 नई इनोवा गाड़ियों को शामिल किया है। इन आधुनिक वाहनों को आज पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जोन में तैनाती के लिए रवाना किया गया। इन गाड़ियों के शामिल होने के बाद अब डायल 112 के तहत संचालित इनोवा वाहनों की संख्या बढ़कर 109 हो गई है। नई गाड़ियों को विशेष रूप से उन क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा जहां घटनाओं की संभावना अधिक रहती है या कॉल वॉल्यूम ज्यादा होता है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि डायल 112 सेवा वर्तमान में आम नागरिकों के लिए सबसे भरोसेमंद आपातकालीन व्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। ऐसे में संसाधनों का विस्तार और तकनीकी मजबूती बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि रिस्पॉन्स टाइम को लगातार कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नई गाड़ियों से गश्त व्यवस्था में सुधार होगा और पुलिस की मौजूदगी अधिक प्रभावी ढंग से महसूस की जा सकेगी। इससे न केवल अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत होगा।

वाराणसी के रेवड़ी तालाब मदरसे में लिफ्ट टूट कर गिरने से युवक की मौत, एक अन्य घायल

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के भेलूपुर थाना क्षेत्र के पांडेय हवेली रेवड़ी तालाब स्थित मदरसा जामिया हमीदिया रिजविया में मंगलवार देर रात लिफ्ट टूट कर गिरने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पाते ही रेवड़ीतालाब चौकी प्रभारी मातहत पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृत युवक की पहचान मदनपुरा निवासी आसिफ आदिल (22) के रूप में हुई। घायल युवक मदनपुरा का ही हसनैन रजा (20) बताया गया है। मदरसा जामिया हमीदिया रिजविया में मंगलवार देर शाम निकाह के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए दोनों युवक आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों चार मंजिला मदरसा के कम्युनिटी हाल में जाने के लिए लिफ्ट पर सवार हुए। इसी दौरान नीचे जा रही लिफ्ट अचानक फ़ेल होकर तीन मंजिल नीचे आ गिरी। इसमें सवार आसिफ आदिल की मौके पर ही मौत हो गई। माना जा रहा है कि लिफ्ट का वायर टूटने के कारण यह दुर्घटना हुई। भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटना की वजह जानने के लिए जांच पड़ताल कर रही है।

किडनी रैकेट मामले में दोषियों को कड़ी सजा हो : पवन गुप्ता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। किडनी रैकेट जैसे अमानवीय कृत्य से पूरी मानवता का विश्वास हिल गया है, और बिना मानकों पर चल रहे निजी अस्पताल आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। यह बातें बुधवार को कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कही। कानपुर में हाल ही में उजागर हुए किडनी रैकेट मामले ने शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस प्रकरण को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में आज कानपुर महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पहुंचकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने किया, जहां उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। पवन गुप्ता ने इस घटना को न केवल कानून व्यवस्था की विफलता बताया, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर में कई निजी अस्पताल और नर्सिंग होम बिना मानकों के संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हाल ही में बिठूर में एक बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे व्यवस्था की बड़ी लापरवाही करार दिया। प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई, निजी अस्पतालों की व्यापक जांच, पीड़ितों को मुआवजा और सरकारी अस्पतालों के बाहर सक्रिय दलालों पर रोक लगाने जैसी मांगें भी रखीं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।